वर्ष : 04 अंक : 319
गाजियाबाद, शनिवार 18 अप्रैल 2026
पृष्ठ-6 मूल्य : दो रूपये
RNI No - UPHIN/2022/84480
E-mail: swastiksaharanews@gmail.com
www.swastiksahara.com

सतत प्रयास - न कि ताकत या बुद्धिमानी - ही हमारे सामर्थ्य को साकार करने की कुंजी है।

नई दिल्ली, हरियाणा, गुरुग्राम, लखनऊ, नोएडा, मेरठ, हापुड़ और एनसीआर में सर्वाधिक प्रसारित

स्वास्तिक
# सहारा

xkft;kckn ls fgUnh



# 54 वोट से गिरा महिला आरक्षण से जुड़ा बिल

## सरकार को 352 वोट की जरूरत थी, लेकिन पक्ष में 298 वोट ही पड़े

स्वास्तिक सहारा नेटवर्क

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को लोकसभा ने उस विधेयक को खारिज कर दिया, जिसमें महिलाओं के लिए आरक्षण को तेजी से लागू करने और नई जनगणना कराए बिना परिसीमन करने का प्रावधान था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संविधान (131वां संशोधन) संशोधन विधेयक सदन में मतदान के दौरान 2/3 बहुमत प्राप्त न कर पाने के कारण पारित नहीं हो सका। मतदान के विभाजन में, 298 सदस्यों ने विधेयकों का समर्थन किया, जबकि 230 ने उनके खिलाफ मतदान किया। कुल वोटों की संख्या 528 थी।

लोकसभा में किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है।

सरकार ने इस विधेयक के साथ 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को भी सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए रखा था, लेकिन उन्हें भी आगे नहीं बढ़ाया जा सका।



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के बाद अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को आगे नहीं बढ़ा सकते।

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके ''रास्ते का रोड़ा'' कौन है और उन्हें महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026', 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि जो लोग परिसीमन का विरोध कर रहे हैं, वे कहीं न कहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के लिए आरक्षित सीटों में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं। गृह मंत्री ने अलग-अलग सीटों के बीच जनसंख्या के असंतुलन का हवाला देते हुए कहा कि यह परिसीमन से ही ठीक हो सकता है और विपक्ष को इसमें सहयोग करना चाहिए।

### राज्यसभा की कार्यवाही

राज्यसभा की बैठक शुक्रवार को मनोनीत सदस्य हरिवंश के उपसभापति पद पर निर्वाचित होने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति सी पी राधाकृष्णन ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके बाद केंद्रीय मंत्री तथा सदन के नेता जे पी नड्डा ने हरिवंश को राज्यसभा का उपसभापति निर्वाचित करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया और एस फांग्नोन कोन्याक ने प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी दिए जाने के बाद हरिवंश तीसरी बार उपसभापति चुने गए। हरिवंश ने उच्च सदन के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वह सदन की गरिमा बनाए रखने, सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करने और कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरिवंश को तीसरी बार राज्यसभा का उपसभापति चुने जाने पर बधाई दी। कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी हरिवंश को उच्च सदन का उपसभापति चुने जाने पर बधाई दी। हरिवंश को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लगातार तीसरी बार राज्यसभा का उपसभापति चुना जाना अपने आप में इस बात का गहरा प्रमाण है कि सदन को उन पर कितना भरोसा है।

# 'भारत के चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश'

## लोकसभा में बोले नेता विपक्ष राहुल गांधी

स्वास्तिक सहारा नेटवर्क

**नई दिल्ली।** संसद में तीन दिन के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा हो रही है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि सच यह है कि यह महिला आरक्षण बिल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि परिसीमन बिल से महिला सशक्तिकरण नहीं हो सकता है। राहुल गांधी ने 2023 में पास हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र किया और कहा कि आप उसे फिर से लाइए और हम पास करेंगे। राहुल गांधी ने कहा, 'पहली सच्चाई तो यह है कि यह महिलाओं का विधेयक नहीं है। इसका महिलाओं के सशक्तिकरण से कोई लेना-देना नहीं है। यह भारत के चुनावी नक़्शे को बदलने का एक प्रयास है।' राहुल गांधी ने कहा कि यह बिल राष्ट्र विरोधी है और आप ओबीसी भाई बहनों को उनकी ताकत नहीं देना चाहते। राहुल गांधी ने कहा कि आप दलितों को हिंदू कहते हैं, लेकिन उन्हें उनका अधिकार नहीं देते, आप आदिवासियों को हिंदू कहते हैं लेकिन उन्हें उनका अधिकार नहीं देते हैं। राहुल गांधी ने मोदी सरकार को डरी हुई सरकार बताया।



### प्रियंका की राहुल ने की तारीफ

राहुल गांधी ने कहा कि हमने महिलाओं से बहुत कुछ सीखा है। राहुल गांधी ने प्रियंका गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि मैंने जो 20 साल में हासिल किया, उसे मेरी बहन ने 5 साल में हासिल कर लिया। उन्होंने कहा कि मैंने प्रियंका के बयान पर अमित जी को भी मुस्कुराते हुए देखा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश के एससी-एसटी से उनका अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है।

### 'यह राष्ट्रविरोधी कृत्य से कम नहीं'

राहुल गांधी ने कहा, 'आप (भाजपा) जो कर रहे हैं, वह देश की राजनीति में हो रही उथल-पुथल से डरे हुए हैं, अपनी शक्ति के क्षरण से भयभीत हैं, और भारत के राजनीतिक मानचित्र को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। आपने असम और जम्मू-कश्मीर में ऐसा किया, और अब आप सोच रहे हैं कि आप पूरे भारत में ऐसा कर सकते हैं। इसके लिए आपको संविधान में संशोधन की आवश्यकता है। आप दक्षिण भारत, उत्तर-पूर्वी राज्यों और भारत के छोटे राज्यों से कह रहे हैं कि भाजपा को सत्ता में बने रहने के लिए, हम आपसे प्रतिनिधित्व छीन लेंगे। यह राष्ट्रविरोधी कृत्य से कम नहीं है। और हम आपको ऐसा करने नहीं देंगे।'

# टीसीएस कांड की आरोपी एचआर निदा खान बोली- मैं प्रेग्नेंट हूं; कोर्ट से मांगी राहत

टीसीएस कांड की आरोपी एचआर निदा खान ने दावा किया है कि वो गर्भवती है और इसी आधार पर वो कोर्ट से राहत की उम्मीद भी लगा रही है। निदा खान ने नासिक की लोकल कोर्ट का रुख किया है और वहां मेडिकल आधार पर खुद के लिए राहत की मांग की है। इस समय निदा खान के इन दावों की जांच की जा रही है। टीसीएस कांड के सामने आने के बाद से ही निदा खान फरार है। अभी तक जांच एजेंसियां उस तक नहीं पहुंच पाई हैं। लेकिन एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक निदा इस समय मुंबई में है और उसने नासिक के लोकल कोर्ट का रुख किया है। निदा के परिवार का दावा है कि निदा इस समय गर्भवती है।



### निदा खान पर क्या आरोप हैं?

निदा खान पर कई आरोप लगे हैं। ऋक्षक्के मुताबिक टीसीएस ऑफिस में निदा उन पुरुष कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ी रही जिन पर महिला कर्मचारियों को परेशान करने और जबरन धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश के आरोप लगे थे। जांच में यह भी सामने आया है कि निदा खान दूसरी महिला कर्मचारियों को इस्लामी तरीके से कपड़े पहनने और रीति रिवाज अपनाने के लिए कहती थी। नासिक पुलिस ने एक सीक्रेट ऑपरेशन कर टीसीएस कर्मचारियों के खिलाफ सबूत इकट्ठे किए थे। जांच के दौरान यौन उत्पीड़न, दबाव डालना और जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोप सामने आए थे। अब तक 8 महिला कर्मचारियों ने सामने आकर आरोप लगाए हैं कि उन पर लंबे समय से जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव डाला जा रहा था।

# एमपी में थार से 5 को रौंदा, बीजेपी एमएलए के बेटे का बयान- मैं हॉर्न बजा रहा था, वे हटे क्यों नहीं?

स्वास्तिक सहारा नेटवर्क

**शिवपुरी।** पुलिस ने बताया कि मध्य प्रदेश के शिवपुरी में गुरुवार को एक एसयूवी की टक्कर से पांच लोग घायल हो गए। आरोप है कि इस एसयूवी को बीजेपी विधायक का बेटा चला रहा था। पिछोर के विधायक प्रीतम लोधी के बेटे दिनेश लोधी शाम करीब 7.30 बजे करेरा इलाके में अपनी महिंद्रा थार चला रहे थे। पुलिस के अनुसार, गाड़ी ने सबसे पहले पीछे से एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिससे तीन दोस्त संजय, आशीष और अंशुल परिहार घायल हो गए। ये तीनों धनरा गांव जा रहे थे। कार ने सड़क के उसी तरफ आगे पैदल चल रही दो महिलाओं सीता वर्मा और पूजा सोनी को भी टक्कर मार दी। संजय परिहार को गंभीर चोटें आईं, जबकि बाकी लोगों के सिर, हाथ-पैर और कंधों पर चोटें लगीं। वहां से गुजर रहे लोगों ने घायलों को इलाज के लिए पास के एक अस्पताल पहुंचाया।






पुलिस ने बताया कि एसयूवी पर विधायक लिखा हुआ था और पीड़ितों के बयानों के आधार पर, घटना के समय गाड़ी दिनेश लोधी चला रहा था। पुलिस के अनुसार, गाड़ी ने सबसे पहले पीछे से एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिससे तीन दोस्त– संजय, आशीष और अंशुल परिहार– घायल हो गए। ये तीनों धनरा गांव जा रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, कार ने सड़क के उसी तरफ आगे पैदल चल रही दो महिलाओं सीता वर्मा और पूजा सोनी को भी टक्कर मार दी। संजय परिहार को गंभीर चोटें आईं, जबकि बाकी लोगों के सिर, हाथ-पैर और कंधों पर चोटें लगीं। वहां से गुजर रहे लोगों ने घायलों को इलाज के लिए पास के एक अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस ने बताया कि एसयूवी पर विधायक लिखा हुआ था और पीड़ितों के बयानों के आधार पर, घटना के समय गाड़ी दिनेश लोधी चला रहा था। घटना के बाद का एक वीडियो अब वायरल हो रहा है।

पत्रकारों द्वारा शेयर किए गए एक क्लिप में, लोधी को वहां मौजूद लोगों से बहस करते और रास्ता न देने के लिए पीड़ितों को ही दोषी ठहराते हुए देखा जा सकता है। जब मैं सायरन बजा रहा था और हॉर्न दे रहा था, तो वे लोग हटे क्यों नहीं? बाइक पर तीन लोग बैठे थे और इधर-उधर लहरा रहे थे। उन्हें आस-पास खड़े लोगों को अपनी रिकॉर्डिंग करने से मना करते हुए भी देखा गया। उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 281 (लापरवाही और तेजी से गाड़ी चलाना जिससे जान को खतरा हो) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

करेरा पुलिस स्टेशन के इंचार्ज विनोद चवाई ने बताया कि आगे की जांच चल रही है। विधायक प्रीतम लोधी ने कहा कि पुलिस को निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए और पीड़ितों को न्याय दिलाना चाहिए। लापरवाही और तेजी से गाड़ी चलाना BNS, 2023 की धारा 281 के तहत दंडनीय अपराध है, जिसने पहले की IPC की धारा की जगह ली है।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, तीन लोगों की मौत

स्वास्तिक सहारा संवाददाता

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर आईपीईएम इंजीनियरिंग कॉलेज के पास शुक्रवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर उपासना पाण्डेय ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे पीआरवी को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंची विजयनगर थाना पुलिस ने पाया कि एक्सप्रेसवे पर खड़ी एक थार कार और एक बाइक को पीछे से आ रहे टेंपो ट्रैवलर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल तीन व्यक्तियों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान दीपक पुत्र हरिवंश लाल, नवीन पुत्र स्वर्गीय स्वराज कुमार तथा योगेश (बाइक चालक) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी में नवीन कुमार वर्मा निवासी बाबरपुर की भी पहचान सामने आई है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है तथा उनकी तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। एसीपी उपासना पाण्डेय ने बताया कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दोपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है, बावजूद इसके बाइक चालक एक्सप्रेसवे पर खड़ा था। जिस स्थान पर दुर्घटना हुई, वहां से एनएच-9 का एग्जिट प्वाइंट है, जहां अक्सर वाहन चालक रास्ते को लेकर भ्रमित हो जाते हैं और सड़क पर वाहन रोक देते हैं, जिससे हादसों की आशंका बढ़ जाती है।



# नगर निगम मुख्यालय में जारी है टैक्स विभाग की ट्रेनिंग, नई संशोधित दरों से कैलकुलेट होगा टैक्स

## जल्द ही नई संशोधित दरों को सॉफ्टवेयर पर अपलोड कराएं अधिकारीः नगर आयुक्त

● तीन समान किस्तों में समायोजित होगा, निगम में ज्यादा जमा हुआ टैक्स

स्वास्तिक सहारा संवाददाता

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में टैक्स विभाग टीम की ट्रेनिंग का कार्य तेजी से चल रहा है जिसमें जोनल प्रभारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक, कर निरीक्षक द्वितीय, टैक्स विभाग लिपिक तथा कंप्यूटर ऑपरेटर को नई संशोधित दरों के बारे में जानकारी देते हुए ट्रेनिंग दी जा रही है जिसमें सभी छूट के साथ शासन के निर्देश के क्रम में केवल 20% से 21% की वृद्धि हाउस टैक्स में हो रही है, ट्रेनिंग दी जा रही है मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एसके राय उपस्थित रहे जिनके द्वारा टैक्स विभाग टीम को ट्रेनिंग तथा जानकारी से अवगत कराने का कार्य कराया जा रहा है। ट्रेनिंग के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सभी टैक्स विभाग टीम से सीधा संवाद करते हुए जनहित में लागू हाउस टैक्स की नई संशोधित दरों पर संपूर्ण जानकारी रखने, तथा दी जाने वाली छूट की संपूर्ण जानकारी रखने के निर्देश दिए गए साथ ही कैलकुलेशन को भी नई संशोधित दर के हिसाब से समझने के लिए भी कहा गया, नगर आयुक्त द्वारा जल्द से जल्द सॉफ्टवेयर पर भी नई संशोधित दरों को अपलोड करने के निर्देश दिए गए जिसमें 10 दिन के भीतर कार्यवाही करने के लिए कहा गया, कर दाताओं को भी शासन द्वारा निर्धारित नई संशोधित दरों की सही जानकारी देते हुए जागरूक करने के लिए भी टीम को निर्देश दिए गए। ज्यादा जमा हुआ टैक्स 3 वर्ष के भीतर तीन समान किस्तों में समायोजित किया जाएगा तथा तीन माह तक किसी भी करदाता पर 12% का ब्याज नहीं लगाया जाएगा, नगर आयुक्त द्वारा ट्रेनिंग के दौरान उपस्थित जनों को स्पष्ट करते हुए विशेष रूप से बताया गया। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को लगातार टैक्स विभाग टीम की चल रही ट्रेनिंग की मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया गया, ट्रेनिंग के समय समस्त जोन के जोनल प्रभारी व समस्त टीम उपस्थित रही।







# 30 हजार वर्गमीटर में बस रही अवैध कॉलोनी पर जीडीए का बुलडोजर

स्वास्तिक सहारा संवाददाता

**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण एवं अनधिकृत कॉलोनियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शुक्रवार को मोदीनगर क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद गदाना में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 30 हजार वर्गमीटर भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया। जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। जांच में पाया गया कि ग्लोब शाइन बिल्डर एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निरंजन फौजदार एवं अनुज चौधरी के माध्यम से खसरा संख्या-396, राजस्व ग्राम औरंगाबाद गदाना, हापुड़ रोड, मोदीनगर स्थित भूखंड पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार लगभग छह माह पूर्व यहां विकास कार्य प्रारम्भ किया गया था। कॉलोनाइजर द्वारा बिना किसी स्वीकृत लेआउट अथवा तलपट मानचित्र के प्लॉटिंग की जा रही थी। क्षेत्र में सड़कों के निर्माण के लिए मिट्टी डाली गई थी तथा बाउंड्रीवाल, साइट ऑफिस और अन्य संरचनाएं तैयार की जा चुकी थीं। निरीक्षण के दौरान जब प्राधिकरण टीम ने स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत करने को कहा तो मौके पर कोई वैध अनुमति उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद अवैध निर्माण को चिन्हित करते हुए तत्काल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीनों की मदद से कॉलोनाइजर द्वारा बनाई गई सड़कों, बाउंड्रीवाल, साइट ऑफिस और अन्य निमार्णों को ध्वस्त कर दिया। साथ ही पूरे परिसर को सील करने की कार्रवाई भी की गई ताकि भविष्य में दोबारा अवैध निर्माण न हो सके। कार्रवाई के दौरान कॉलोनाइजर एवं निर्माणकताओं द्वारा विरोध जताया गया, लेकिन प्राधिकरण प्रवर्तन टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासनिक कार्रवाई प्रभावी रूप से जारी रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों के विरुद्ध विकास कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-2 का समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल तथा प्रवर्तन दस्ता मौके पर मौजूद रहा। सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरी कार्रवाई शांतिपूर्वक सम्पन्न कराई गई। जीडीए अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी भूखंड या प्लॉट को खरीदने से पूर्व प्राधिकरण से उसकी वैधता एवं स्वीकृत मानचित्र की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। अवैध कॉलोनियों में निवेश करने से लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।



## नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषयक जागरूकता गोष्ठी में महिलाओं के सशक्तिकरण का संदेश

# सरकार का संकल्प महिलाओं को शिक्षित, सशक्त एवं जागरूक बनाना: कमलावती सिंह

## महिलाओं की भूमिका हर क्षेत्र में निर्णायक: कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा

स्वास्तिक सहारा संवाददाता











**गाजियाबाद।** 'नारी शक्ति वंदन अभियान' के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जनपदों में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनपद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषयक जागरूकता गोष्ठी एवं प्रेस वार्ता का आयोजन हिन्दी भवन, लोहिया नगर में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष श्रीमती कमलावती सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महानगर भाजपा, जिला प्रशासन एवं सूचना विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, जिसके पश्चात कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला शक्ति के सम्मान और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की गोद भराई, शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार, पुष्टाहार वितरण तथा जनपद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी मंच से लाभान्वित किया गया। मुख्य अतिथि कमलावती सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल राजनीतिक आरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी प्रदान करने की ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को नीति निर्माण में अधिक महत्व मिलेगा। यह अधिनियम लैंगिक समानता को मजबूत करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका को लेकर सकारात्मक सोच विकसित करेगा तथा बालिकाओं में आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार करेगा। उन्होंने बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार महिलाओं और बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण अभियान, राष्ट्रीय महिला कोष, उत्तर प्रदेश महिला सामर्थ्य योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना, 181 महिला हेल्पलाइन, सुकन्या समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, विधवा पेंशन तथा वृद्धावस्था पेंशन जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार का संकल्प महिलाओं को शिक्षित, सशक्त एवं जागरूक बनाकर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनाना है, ताकि राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित हो सके। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि महिलाएं घर से लेकर कार्यालय और समाज के प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सम्मान और देशहित की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में भाजपा महिला पदाधिकारी, महिला पार्षद, कार्यकर्ता, विद्यालयों की छात्राएं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां, आशा एवं एएनएम कर्मी, महिला लाभार्थी, महिला वालंटियर तथा महिला ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम स्थल पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर उत्साहपूर्ण वातावरण रहा और मोदी जी के समर्थन में लगाए गए नारों से पूरा हिन्दी भवन गूंज उठा। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित लोगों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी की गई।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में भव्य दीक्षांत समारोह, 451 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान

## यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री संवाद में 100 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल

स्वास्तिक सहारा संवाददाता




**साहिबाबाद।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को गरिमामय एवं भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ से संबद्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 451 छात्र-छात्राओं को विधिवत उपाधियां प्रदान की गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एकेटीयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे, विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार राय (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, गाजियाबाद), संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल एवं गौरव अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. डी.के. शर्मा, प्लेसमेंट डायरेक्टर आकांक्षा अग्रवाल तथा रजिस्ट्रार अल्पना रानी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

समारोह का आकर्षक शुभारंभ अरवाचीन भारतीय भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विवेक विहार के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत बैगपाइप बैंड की मनमोहक प्रस्तुति से हुआ। इसके पश्चात कैंपस निदेशक डॉ. डी.के. शर्मा ने संस्थान की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध गतिविधियों एवं प्लेसमेंट में हुई उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला।

दीक्षांत समारोह में कुल 451 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के 168, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के 103, डेटा साइंस के 66, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 12 तथा इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के 102 विद्यार्थी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त 66 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा लगभग 4.15 लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि वितरित की गई।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे ने विद्यार्थियों को आत्मविकास, सशक्त निर्णय क्षमता एवं तकनीकी दक्षता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। उन्होंने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि होता है।

साथ ही उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह तकनीक तेजी से उन्नत हो रही है और स्वयं को अद्यतन करने में सक्षम है, ऐसे में युवाओं को समय रहते इसे अपनाना आवश्यक है।

## साहिबाबाद में व्यापारी पर हमला, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र स्थित पाइप मार्केट में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब व्यापारी सुमित जैन की दुकान में अचानक 8 से 10 लोग घुस आए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना से बाजार में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और व्यापारी को हमलावरों से सुरक्षित बाहर निकाला। पीड़ित व्यापारी सुमित जैन ने बताया कि करीब डेढ़ माह पहले उन्होंने क्षेत्र के कैलाश नगर स्थित पाइप फिटिंग पार्ट्स बनाने वाली एक फैक्टरी मालिक से संपर्क किया था। उन्होंने लगभग 50 से 60 हजार रुपये का माल तैयार कराने का ऑर्डर दिया था। लंबे समय तक ऑर्डर न मिलने पर उन्होंने आरोपी से फोन पर संपर्क किया। व्यापारी के अनुसार, आरोपी पक्ष ने उन्हें बताया कि माल गाड़ी में रखा हुआ है और वहीं जाकर जांच कर लें। लेकिन किसी अनहोनी की आशंका के चलते उन्होंने दुकान छोड़कर गाड़ी तक जाने से मना कर दिया।

## आरकेजीआईटी में 'हैकवाट्र्स 2026' का सफल आयोजन

स्वास्तिक सहारा संवाददाता



**गाजियाबाद।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आरकेजीआईटी) के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा गीक्स फॉर गीक्स कैंपस बॉडी के सहयोग से 'हैकवाट्र्स 2026' हाइब्रिड हैकाथॉन का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संकाय समन्वयकों डॉ. गगनजोत कौर एवं राहुल शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में 400 से अधिक पंजीकरण हुए, जिनमें से 100 से अधिक प्रतिभागी फाइनल चरण तक पहुंचे। प्रतिभागियों ने विभिन्न क्षेत्रों में नवाचारी समाधान प्रस्तुत किए, जिनका उद्देश्य एम वी पी निर्माण एवं गिटहब के माध्यम से व्यावहारिक उपयोग था।

प्रतियोगिता में शैडो सिंडिकेट टीम (परम राज सिंह, विवेक चौहान, मोहम्मद फैज, मोहम्मद कैसर आलम) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लेजीकोडर्स टीम (अरविंद कुमार, ओम कुशवाहा, ऋषभ पाल) ने द्वितीय स्थान तथा कोडक्लैश टीम (आदित्य कुमार झा, सलोनी त्यागी, अभिषेक शर्मा) ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. बी. सी. शर्मा एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंघल ने छात्रों को नवाचार एवं तकनीकी उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया।

साथ ही अक्षत गोयल (उपाध्यक्ष), डॉ. लक्ष्मण प्रसाद (समूह सलाहकार), डॉ. डी. के. चौहान (कार्यकारी निदेशक), डॉ. आर. के. यादव (डीन - शैक्षणिक), डॉ. रामेंद्र सिंह (डीन - आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ), श्री एच. जी. गर्ग (डीन - छात्र कल्याण) एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी प्रतिभागियों व आयोजन टीम को शुभकामनाएं दीं। यह हैकाथॉन छात्रों के लिए नवाचार, सहयोग और तकनीकी कौशल को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ।

## डीपीएसजी की मनमानी के खिलाफ आईपीए और अभिभावकों ने राष्ट्रपति से लगाई न्याय की गुहार




**गाजियाबाद (स्वास्तिक सहारा)।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन डीपीएसजी के अभिभावकों एवं बच्चों ने दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद (डीपीएसजी), मेरठ रोड द्वारा बच्चों के स्कूल समय में की गई एकतरफा और अत्यधिक वृद्धि के विरोध में माननीय राष्ट्रपति महोदया को बड़ी संख्या में पत्र भेजकर न्याय की मांग की है। आईपीए के उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ एवं विवेक त्यागी ने कहा कि डीपीएसजी प्रबंधन द्वारा लिया गया यह निर्णय न केवल बिना अभिभावकों की सहमति बल्कि बिना सक्षम प्राधिकरण की अनुमति के लागू किया गया है, जो पूरी तरह अनुचित और बच्चों के हितों के विरुद्ध है। इस फैसले से बच्चों के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक संतुलन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चों पर बढ़ते तनाव, खेल व रचनात्मक गतिविधियों में कमी तथा पारिवारिक समय के अभाव को लेकर अभिभावकों में गहरी चिंता और प्रशासन के ढुलमुल रवैये के प्रति आक्रोश है। आईपीए और अभिभावकों ने बताया कि उन्होंने पहले संवाद, शांतिपूर्ण विरोध और प्रशासनिक स्तर पर शिकायत जैसे सभी लोकतांत्रिक प्रयास किए, लेकिन समाधान न मिलने के कारण अब यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर उठाया गया है। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने माननीय राष्ट्रपति से मांग की है कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास से जुड़े इस गंभीर प्रकरण में तत्काल संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, बढ़े हुए स्कूल समय को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए तथा भविष्य में ऐसी मनमानी रोकने के लिए सख्त एवं बाध्यकारी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

## श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में आयोजित हुई इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता

### प्रतियोगिता में छात्राओं की चाल से हैरत में पड़े प्रतिद्वंदी

स्वास्तिक सहारा संवाददाता





**गाजियाबाद।** श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर और सीनियर वर्ग में किया गया जिसमें स्कूल की प्रधानाचार्य पूनम शर्मा एवं उप प्रधानाचार्य बीनू गर्ग और पूजा श्रीवास्तव मैडम उपस्थिति रही स्कूल की प्रधानाचार्य पूनम शर्मा ने चेस प्रतियोगिता को ओपन करते हुए स्वयं शतरंज खेलकर अपनी चलो से बच्चे को चौका दिया।

जूनियर वर्ग में फाइनल मैच टेरेसा सदन एवं कस्तूरबा सदन के बीच खेला गया। जिसमें कस्तूरबा हाउस ने मैच को जीत लिया।

किसी के साथ सीनियर ग्रुप में फाइनल मैच टेरेसा सदन एवं गार्गी सदन के बीच खेला गया जिसमें तेरा सदन ने अपनी शतरंज की नई-नई चालो से मात देते हुए गार्गी सदन को हरा दिया।

जूनियर वर्ग में श्रेया, तृषा, परिधि, सोनाक्षी एवं टेरेसा सदन में सनाया, नंदिनी, सानवी, दीपा उपस्थिति रही। उसी के साथ सीनियर वर्ग में टेरेसा सदन में अनन्या,ज्योति, जिया, रिया,काव्य एवं गार्गी सदन में मीनाक्षी, अवनी, आराध्या, मानसी, अनुश्री आदि छात्राएं उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की आधारशिला: मंत्री नरेंद्र कश्यप



स्वास्तिक सहारा संवाददाता

**● कार्यक्रम में विधायक विधायक अजीत पाल त्यागी भी रहे उपस्थित**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को वेव सिटी स्थित एमआर ग्रैंड फार्महाउस में भव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक, सामाजिक प्रतिनिधि एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अजीत पाल त्यागी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान भारतीय इतिहास में अमिट है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान निर्माण के माध्यम से देश को मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया, जिसने भारत को सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की दिशा में नई पहचान दी। उन्होंने कहा कि अंबेडकर ने जीवनभर सामाजिक भेदभाव और असमानता के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समाज को एकता और समान अवसर का संदेश दिया।

मंत्री ने कहा कि आज भारत जिस विकास और प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है, उसमें संविधान की मूल भावना और बाबा साहब के विचारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज में भाईचारा, समानता और न्याय की भावना को मजबूत करें। विधायक अजीत पाल त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहब के सम्मान और उनके विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सामाजिक समरसता और समान अवसर की भावना के साथ बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा देशभक्ति एवं सामाजिक समरसता पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने खूब सराहा। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि नई पीढ़ी को बाबा साहब के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। गोष्ठी में वक्ताओं ने शिक्षा, समान अधिकार, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं फरियादें, अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश

स्वास्तिक सहारा संवाददाता



**गाजियाबाद।** शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनसुनवाई की। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर पहुंचे, जिन्हें जिलाधिकारी ने गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र एवं शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का शासन की नीति के अनुरूप त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं बल्कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनता दर्शन कार्यक्रम की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश द्वारा लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से की जा रही है। इस व्यवस्था के तहत जनसुनवाई की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से मॉनिटर की जा रही है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक कार्यदिवस सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आम नागरिकों की शिकायतें अनिवार्य रूप से सुनी जाएं। इस दौरान अधिकारी जूम प्लेटफॉर्म पर लाइव रहकर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। उन्होंने जूम के माध्यम से संबंधित विभागीय अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए शिकायतों की जानकारी दी और तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए। इस व्यवस्था से शिकायतकर्ताओं को त्वरित राहत मिलने के साथ प्रशासनिक प्रक्रिया भी तेज हुई। कार्यक्रम में पहुंचे नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनता दर्शन के माध्यम से उनकी समस्याओं को सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे समाधान की उम्मीद बढ़ी है। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान एडीएम एलए अवनीश सिंह, एडीएम जे अंजुम बी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों में आवश्यक निर्देश जारी करते हुए समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ कराई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और भविष्य में भी जनता दर्शन के माध्यम से जन शिकायतों का निरंतर निस्तारण किया जाता रहेगा। प्रशासन का उद्देश्य नागरिकों को सुशासन की अनुभूति कराना तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

## जनगणना में लगे अधिकारी/कर्मचारी को विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों से मुक्त रखा जाएं: जिलाधिकारी

गाजियाबाद। जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में वर्तमान में श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ जिलाधिकारी, गाजियाबाद ने आदेश जारी किये कि जनपद गाजियाबाद में जनगणना-2027 कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में मकानों के सूचीकरण कार्य की महत्ता एवं समयबद्धता के दृष्टिगत समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि जनगणना कार्य में लगे अधिकारीगण /कर्मचारियों से जनगणना सम्बन्धी कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराने हेतु अपने विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों से मुक्त रखा जाये। उक्त के साथ ही समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि आपके विभाग के अधीनस्थ अधिकारीगण / कर्मचारी जिनकी ड्यूटी जनगणना कार्य में लगी है, को जनगणना से सम्बन्धित प्रशिक्षणों, बैठक इत्यादि में ससमय प्रतिभाग करने तथा जनगणना सम्बन्धी कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने हेतु निर्देशित कर दें। यदि जनगणना में लगे किसी अधिकारी / कर्मचारी द्वारा लापरवाही बरती जाती है तो उक्त प्रकरण को गम्भीरता से लिया जायेगा तथा जनगणना से सम्बन्धित सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी। उक्त के साथ ही सम्बन्धित विभागाध्यक्ष का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं है।

# मजदूरों कि आवाज दबा रही नोएडा पुलिस: अजय राय

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार व पूर्व सांसद स्वर्गीय मोहसिना किदवई के नोएडा स्थित आवास पर पहुंच कर शोक व्यक्त किया व उनके परिवार जनों से मिले। उसके बाद वे महानगर कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश यादव के कार्यालय पर समस्त कॉंग्रेसजनो से मिले और संगठन को मजबूत करने का मंत्र दिया। समस्त कार्यकर्ताओ को सँघर्ष करने का आव्हान किया। इसी दौरान नोएडा क्षेत्र के होशियापुर के पास पुलिस प्रसाशन ने उन्हें रोका। उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने कहा कि ये कौन सा लोकतंत्र है। हम अपने जिलाध्यक्ष के कार्यालय जाना चाहते है हमे रोका क्यों जा रहा है। पुलिस द्वारा श्रमिको की आवाज को दबाया जा रहा हैं लेकिन हम श्रमिको के साथ है उनके हक के लिए आवाज उठाते रहेंगे। इस दौरान समस्त कॉंग्रेस कार्यकर्ताओ ने पुलिस की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हुये कहा है कि ये सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। पुलिस प्रसाशन द्वारा अजय राय को हाउस अरेस्ट किया गया। समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता अपने प्रदेशाध्यक के साथ वही बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा है कि ये लोकतंत्र का काला दिन है विपक्ष को रोका जा रहा है। इस सरकार में किसी के हक के लिए आवाज उठाना भी गुनाह हैं।

वरिष्ठ नेता दिनेश अवाना ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी सदैव सँघर्ष करती रहेगी। प्रदेश सचिव पुरुषोतम नागर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी को रोका जा रहा है कांग्रेस कार्यकर्ता समस्त जनता के हक की आवाज उठाते रहेंगे। पूर्व अध्यक्ष शहाबुदीन ने भी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि श्रमिको के हक को भाजपा सरकार दबा रही है। जनता महंगाई की मार से जूझ रही है लेकिन सरकार के सर पर जू नही रंक रही है। वरिष्ठ नेता स्टेट कोडिनेटर सतेन्द्र शर्मा ने कहा है कि जब से सत्ता में भारतीय जनता पार्टी आई है तब से देश और प्रदेश की जनता परेशान है इस सरकार में जनता का कोई कार्य नहीं हो रहा है आये दिन महंगाई बढ़ती जा रही है। प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि मजदूरों कि आवाज को दबा रही है श्रीमकों को तुरंत रिहा किया जाए नही तो समस्त कांग्रेसियो को जेल भेजा जाए लोकतंत्र की हत्या भाजपा बन्द करे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय चोधरी, वरिष्ठ नेता फिरे सिंह नागर, वरिष्ठ नेता दिनेश अवाना, महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव, उपाध्यक्ष ललित अवाना, प्रदेश महासचिव ओमबीर यादव, प्रदेश सचिव पुरुषोतम नागर, स्टेट कोडिनेटर सतेन्द्र शर्मा, विशाल वशिष्ट, विवेक त्यागी, आलोक गॉड, अल्पसंख्यक के सचिव लियाकत चोधरी, प्रदेश सदस्य सतेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी, महासचिव दयाशकर पांडेय, पूर्व अध्यक्ष शहाबुदीन, महिला नेत्री डॉ सीमा, मधुराज, विरो देवी, महासचिव डॉ संजीव शर्मा, अशोक पँडित,जयचंद चैधरी, एस एस सिसोदिया, इंद्रजीत तिवारी,नेता सुनील शर्मा, मेरठ अध्यक्ष रंजन शर्मा, महासचिव रामकुमार शर्मा, कैप्टन पीएस रावत, सेवादल वसीम, भगवती शर्मा सहित सैकड़ों कॉंग्रेजन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर

**गौतमबुद्ध नगर।** जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, गौतमबुद्धनगर एवं हरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेन्ट एण्ड टेक्नोलोजी, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर द्वारा 21/04/2026 एवं 22/04/2026 को हरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेन्ट एण्ड टेक्नोलोजी, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर में समय प्रातः 09:30 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों ने रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से प्रतिभाग करने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है। जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर के समस्त वर्ग के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। इसी योग्यता के अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच है वह रोजगार मेले में भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में प्रतिभाग हेतु रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में पंजीयन करें तथा रोजगार मेले में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपनी प्रतिभा के अनुसार कम्पनियों में साक्षात्कार देकर सेवायोजित होने का अवसर प्राप्त करें। पंजीयन सम्बन्धी समस्या हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय, (आर०आई० सेन्टर) झुण्डपुरा, सेक्टर-11 नोएडा गौतमबुद्धनगर में सपंर्क किया जा सकता है।

# एमएसपी खरीद में फार्मर आईडी जरूरी, चकबन्दी ग्रामों को मिली राहत

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** शासन के निर्देशों के क्रम में जिला खाद्य विपणन अधिकारी गौतमबुद्धनगर अजित प्रताप सिंह ने बताया कि किसान पहचान पत्र (फार्मर आई०डी०) को विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए अनिवार्य किया गया है। कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से भारत सरकार की ऐग्रीस्टैक योजना के अन्तर्गत प्रदेश में कृषकों के किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) बनाए जा रहे हैं। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाने वाली समस्त खरीद (गेहूँ/धान इत्यादि) में तत्काल प्रभाव से किसान पहचान पत्र / फार्मर आई०डी० को अनिवार्य करते हुए उन्हीं कृषकों से खरीद की जायेगी, जिनके पास किसान पहचान पत्र होंगे तथा क्रय केन्द्र पर कृषकों से खरीद से पूर्व उनके किसान पहचान पत्रों का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चकबन्दी तथा सर्वे अधीन ग्रामों में चकबन्दी / सर्वे प्रक्रिया प्रचलित होने के कारण कृषकों का किसान पहचान पत्र (फार्मर आई०डी०) अद्यतन नहीं बन सका हैं, जिससे किसानों के कृषि उत्पादों का सरकारी क्रय केन्द्रों पर खरीद किया जाना सम्भव न होने के दृष्टिगत जिन ग्रामों में चकबन्दी एवं सर्वे की प्रक्रिया प्रचलित है, उन ग्रामों के कृषकों को सम्बन्धित ग्राम में स्थित भूमि की सीमा तक कृषि उत्पाद कृषि/खाद्य विभाग द्वारा पूर्व प्रक्रिया के आधार पर बिक्री का अवसर प्रदान किये जाने की छूट प्रदान की गयी है। उन्होंने यह भी बताया कि उप कृषि निदेशक, गौतमबुद्धनगर निदेर्शानुसार किसानों की सुविधा के दृष्टिगत फार्मर रजिस्ट्री बनाने एवं किसानों के सहयोग हेतु कर्मचारी एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारी की डयूटी जनपद गौतमबुद्धनगर में स्थापित सभी गेहूँ क्रय केन्द्रों पर लगायी गयी है।

# सादगी से मनाया गया नोएडा प्राधिकरण का स्थापना दिवस

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो




**नोएडा।** नोएडा विकास प्राधिकरण ने 50वां स्थापना दिवस सादगीपूर्ण तरीके से मनाया। हाल के दिनों में हुए श्रमिक आंदोलन और हिंसा की घटनाओं को देखते हुए इस बार कार्यक्रम को सीमित रखा गया, जबकि पहले इसे बड़े स्तर पर आयोजित करने की योजना थी। स्थापना दिवस के साथ ही नोएडा ने अपने 51वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। सेक्टर-6 स्थित कार्यालय में पूजा-अर्चना और हवन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद 50 किलो का केक काटकर प्राधिकरण की पांच दशकों की विकास यात्रा को याद किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश पाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने केक काटकर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन नोएडा प्राधिकरण कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष चौधरी राजकुमार सिंह ने किया। इस मौके पर प्राधिकरण के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समारोह में विशेष कार्याधिकारी क्रांति शेखर सिंह, वित्त नियंत्रक निजीलिंगगप्पा, ए.के. शर्मा, देवेन्द्र प्रताप सिंह, इंदु प्रकाश सिंह, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार सिंह, उद्यान निदेशक आनंद मोहन सिंह सहित कई अधिकारी शामिल हुए। इसके अलावा एसोसिएशन के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने भी इस अवसर पर भाग लिया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने इस मौके पर नोएडा के विकास की उपलब्धियों को याद किया और भविष्य में शहर को और बेहतर बुनियादी ढांचे और सुविधाओं से लैस करने का संकल्प दोहराया। हालांकि, मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए कार्यक्रम को सादगी के साथ आयोजित किया गया, लेकिन 50 किलो का केक काटकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि को खास अंदाज में मनाया गया।

# पीआईआईटी में आयोजित फ्यूजन फिएस्टा में विद्यार्थियों ने मचाया धमाल

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो




**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क-3 स्थित प्रिंस इंस्टीट्यूट ऑफ इन्नोवेटिव टेक्नोलॉजी (पीआईआईटी) संस्थान में गुरुवार को फ्यूजन फिएस्टा का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक उत्सव में विद्यार्थियों के नृत्य, संगीत, फैशन, कला और रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। रैंप वॉक, पारंपरिक परिधान, आधुनिक नृत्य और मनमोहक गायन प्रस्तुतियों से जूनियर एवं सीनियर छात्र- छात्राओं ने मिलकर धमाल मचा दिया। डांस में खूब जमकर मस्ती की। विद्यार्थियों और संस्थान की अध्यापिकाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर बेहतरीन हुनर का प्रदर्शन किया।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोक्ष ओवरसीज एजुकॉन एलटीडी (उत्तर भारत) के हेड डॉ. राजेंद्र शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकप्रिय युवा गायक प्रतीक गौतम एवं समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत गौरव डॉ. जितेन्द्र बच्चन उपस्थित रहे। पीआईआईटी के चेयरमैन प्रोफेसर (डॉक्टर) भरत सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह संस्थान आपके सपनों को पंख लगाने का कार्य करेगा। आपकी प्रतिभा को एक नया मुकाम मिले, इसके लिए हम सदैव आपको अवसर प्रदान करते रहेंगे।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. भरत सिंह और अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन करने के साथ हुई। मुख्य अतिथि डॉ राजेंद्र शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कभी मुश्किलों से हार नहीं माननी चाहिए और निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से न केवल विद्यार्थियों का मनोरंजन होता है, बल्कि टीम वर्क,आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल का ज्ञान भी उन्हें प्राप्त होता है। मंच की साज-सज्जा और बच्चों की तैयारियों के लिए पीआईआईटी के निदेशक प्रोफेसर आर. के. शाक्य और सहायक निदेशक डॉ. जितेन्द्र बच्चन ने संस्थान के स्टाफ की सराहना की। सचमुच, फ्यूजन फिएस्टा में सांस्कृतिक विरासत और रचनात्मकता का एक भव्य उत्सव देखने को मिला, जो कलात्मक अन्वेषण और नवाचार के वातावरण को बढ़ावा देता है। विद्यार्थियों ने सोलो और ग्रुप डांस के माध्यम से अपनी अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन किया, जिसमें लय, ताल और तालमेल ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। बॉलीवुड मैशअप, हिप-हॉप और इमोशनल ग्रुप डांस परफॉर्मेंस एक यादगार पल बन गए।

संस्थान की मैडम मिथिलेश सिंह ने 'फूल तुम्हें भेजा है खत में' और मैडम जागेश सिंह के गीत 'एक प्यार का नगमा है' की प्रस्तुति ने दिल को छू लिया। उसके बाद युवा गायक प्रतीक गौतम ने पुराने फिल्म गीतों का तराना छेड़ा तो संस्थान की फैकल्टी भी खुद को थिरकने से नहीं रोक पायी। डॉक्टर प्रियंका अहिरवार ने छात्राओं के साथ डांस कर समां बांध दिया। कई विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए फैकल्टी के साथ सेल्फी भी ली। रैंप वॉक के पश्चात मिस एंड मिस्टर पीआईआईटी 2026 चुना गया। जज लक्ष्मी प्रिया ने नतीजे घोषित किए तो छात्र-छात्राएं खुशी से उछल पड़े। जूनियर में मिस ऋतिका मिश्रा, मिस्टर अश्वनी वर्मा, सीनियर में मिस तन्या, मिस्टर मनीष और कपल में मिस यांशी और मो. रहमत को मिस्टर पीआईआईटी 2026 चुना गया। इन सभी को चेयरमैन डॉ. भरत सिंह ने जहां पुरस्कार प्रदान किए, वहीं समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र बच्चन उन सभी वालंटियर को ट्रॉफी एवं प्रोत्साहन प्रमाण पत्र प्रदान किए, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कड़ी मेहनत की। कार्यक्रम का समापन निदेशक प्रोफेसर आर. के. शाक्य ने सभी के प्रति आभार व्यक्त कर किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी अध्यापक, स्टाफ एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# श्रमिकों का शोषण हुआ तो आउटसोर्सिंग एजेंसी होगी ब्लैकलिस्ट: जिलाधिकारी

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**नोएडा।** श्रमिकों के अधिकारों की अनदेखी करने वाले 203 संविदाकारों और आउटसोर्सिंग एजेंसियों के खिलाफ श्रम विभाग और जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू की हैं। बता दे कि श्रम विभाग की जांच में सामने आया कि कई संविदाकार श्रम कानूनों का उल्लंघन कर रहे थे और श्रमिकों के वेतन, बोनस और अन्य भत्तों का भुगतान नहीं कर रहे थे। इसी के चलते विभाग ने 203 ठेकेदारों के लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रशासन ने साफ संकेत दिए हैं कि दोषी आउटसोर्सिंग एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा, ताकि भविष्य में वे सरकारी या निजी प्रोजेक्ट्स में भाग न ले सकें। श्रम विभाग ने बकाया भुगतान न करने वाले ठेकेदारों पर करीब ₹1 करोड़ 16 लाख 5 हजार रुपये की पेनल्टी लगाई है। सभी संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी कर तुरंत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि यदि किसी भी स्तर पर श्रमिकों का शोषण या औद्योगिक अशांति सामने आती है, तो संबंधित एजेंसी को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। यह कदम औद्योगिक शांति बनाए रखने और श्रमिकों को उनका अधिकार दिलाने के लिए उठाया गया है।

# स्वस्थ जीवनशैली ही लिवर की सुरक्षा की कुंजी, मेदांता हॉस्पिटल में बोले डॉक्टर

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो




**नोएडा।** वर्ल्ड लिवर डे से पहले मेदांता हॉस्पिटल, नोएडा के डॉक्टरों ने लोगों को लिवर को स्वस्थ रखने के लिए सही और नियमित जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक करने हेतु एक विशेष सत्र का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम ह्लसॉलिड, हैबिट्स स्ट्रांग लिवरह्व के अनुरूप आयोजित इस सत्र में प्रिवेंटिव केयर, समय रहते बीमारी की पहचान और सस्टेनेबल लाइफस्टाइल बदलावों पर जोर दिया गया, ताकि बढ़ती लिवर बीमारियों के खतरे को कम किया जा सके।

इस मौके पर मेदांता हॉस्पिटल के डायरेक्टर जीआई सर्जरी और जीआई ऑनकोसर्जरी डॉ. विवेक टंडन ने कहा कि लिवर कैंसर अक्सर शुरूआती चरण में बिना लक्षण के रहता है, जिसके कारण इसकी पहचान देर से होती है। हेपेटाइटिस, फैटी लिवर और सिरोसिस जैसी क्रॉनिक स्थितियां अगर अनियंत्रित रहें तो कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाना, शराब से बचना, संतुलित आहार लेना और हाई-रिस्क लोगों के लिए नियमित स्क्रीनिंग बेहद जरूरी है, जिससे समय पर पहचान और बेहतर इलाज संभव हो सके। सीनियर कंसल्टेंट-गैस्ट्रोसाइंसेज के डॉ. मनीष कुमार तोमर ने कहा कि लिवर की बीमारियों की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शुरूआती चरण में इनके स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। जब तक मरीज डॉक्टर के पास पहुंचता है, तब तक बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। इसलिए लोगों को मोटापा, डायबिटीज और अधिक शराब सेवन जैसे जोखिम कारकों को समझना चाहिए। फलों, सब्जियों और होल ग्रेन्स से भरपूर डाइट अपनाने और प्रोसेस्ड व हाई-फैट फूड से दूरी बनाने से लिवर को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। वही डायरेक्टर-जीआई सर्जरी और जीआई ऑनकोसर्जरी डॉ. दीपक गोविल ने कहा कि सॉलिड, हैबिट्स स्ट्रांग लिवर थीम आज के समय में बेहद प्रासंगिक है, क्योंकि लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों के कारण लिवर कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। बचाव का मतलब केवल जोखिम कारकों से बचना नहीं, बल्कि समय-समय पर मेडिकल कंसल्टेशन और निगरानी भी है। आधुनिक सर्जिकल और मिनिमली इनवेसिव तकनीकों से इलाज के परिणाम बेहतर हुए हैं, लेकिन समय पर पहचान अभी भी सबसे महत्वपूर्ण है। सीनियर कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डॉ. अमोघ दुधवेवाला ने कहा कि लिवर स्वास्थ्य के मामले में प्रिवेंशन हमेशा इलाज से बेहतर होता है। नियमित शारीरिक गतिविधि, स्ट्रेस मैनेजमेंट, पर्याप्त नींद और बिना डॉक्टर की सलाह के दवाइयों या सप्लीमेंट्स का उपयोग न करना बेहद जरूरी है। साथ ही हेपेटाइटिस के खिलाफ वैक्सीनेशन और किसी भी असामान्य लक्षण पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। सही समय पर उठाए गए कदम लंबे समय तक लिवर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। सत्र के दौरान डॉक्टरों ने इस बात पर जोर दिया कि लिवर से जुड़ी अधिकांश बीमारियां सही जीवनशैली अपनाकर रोकी और नियंत्रित की जा सकती हैं। उन्होंने खासतौर पर युवाओं में बढ़ते फैटी लिवर के मामलों पर चिंता जताई, जो मुख्य रूप से शारीरिक निष्क्रियता और अस्वस्थ खानपान के कारण बढ़ रहे हैं।

# परीक्षाफल वितरण एवं अभिभावक-शिक्षक बैठक सम्पन्न, मेधावी छात्र सम्मानित



स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**परसपुर, गोण्डा।** नगर स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती शिक्षण संस्थान में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा के प्रगति पत्र (रिजल्ट) का वितरण किया गया। इस अवसर पर अभिभावक-शिक्षक बैठक का भी आयोजन हुआ, जिसमें अभिभावकों के साथ शैक्षिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक कक्षा के टॉप-5 मेधावी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर डॉ. शिव कुमार सिंह, प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार तिवारी एवं उप प्रधानाचार्य दर्शन कुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनुशासन, नियमित उपस्थिति एवं अभिभावकों की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ व अभिभावकों की उपस्थिति रही।

# चौरासी कोसी परिक्रमा: तीन जत्थों का गोण्डा में प्रवेश, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत





स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**परसपुर गोण्डा।** श्रद्धा और आस्था की नगरी अयोध्या से निकली चौरासी कोसी परिक्रमा के श्रद्धालुओं के जत्थे क्रमवार जनपद गोण्डा में प्रवेश कर रहे हैं। मंगलवार को सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में हनुमान मण्डल का पहला जत्था, बुधवार को गया शरण जी महाराज के नेतृत्व में सदगुरु कृपा मण्डल तथा गुरुवार को महंत गयादास जी महाराज के नेतृत्व में तीसरा जत्था बाराबंकी जनपद की घाघरा नदी को नाव के माध्यम से पार कर गोण्डा की सीमा में पहुंचा। परिक्रमार्थियों का प्रथम पड़ाव बहुवन मदार माझा के देवीगंज स्थित दुलारे बाग में रहा, जहां ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इसके बाद सभी जत्थे जम्बूघाट (जम्बूद्वीप), गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर तथा पसका की ओर प्रस्थान करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। महंत गयादास जी महाराज ने बताया कि दो अप्रैल को अयोध्या से प्रारंभ हुई यह परिक्रमा मखौड़ा में रात्रि विश्राम के बाद बस्ती, अम्बेडकर नगर, अयोध्या और बाराबंकी होते हुए गुरुवार, 16 अप्रैल को लगभग 500 श्रद्धालुओं के साथ गोण्डा के दुलारेबाग पहुंची। यहां मुन्नी देवी, चन्द्रहास सिंह मंटू, सत्यम सिंह, संगमलाल निषाद सहित अन्य ग्रामीणों ने स्वागत के साथ भोजन, जलपान और फलाहार की समुचित व्यवस्था की। शुक्रवार की भोर में परिक्रमार्थी तुलसीदास जी की जन्मस्थली राजापुर पहुंचे, जहां डॉ. स्वामी भगवदाचार्य के नेतृत्व में अशोक सिंह, सांवल प्रसाद चौधरी, मैन बहादुर सिंह, कुलदीप सिंह, राजन सिंह, श्रीचंद चौधरी, रामसुंदर, ओंकार सिंह, वीरेंद्र सिंह और हरिहर सिंह ने श्रद्धालुओं के खान-पान व अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली।

स्वामी भगवदाचार्य ने बताया कि शुक्रवार सुबह हनुमान मण्डल के श्रद्धालु अपने अगले पड़ाव के लिए रवाना हो गए, जबकि सदगुरु कृपा मण्डल के श्रद्धालु तुलसी धाम के दर्शन कर आगे बढ़ गए। महंत गयादास जी के नेतृत्व वाला तीसरा जत्था रात्रि विश्राम के बाद शनिवार को अपने अगले पड़ाव के लिए प्रस्थान करेगा।

वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुवेर्दी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सहित महिला पुरुष आरक्षियों की मुस्तैदी रही है। उपजिलाधिकारी कर्नलगंज नेहा मिश्रा ने राजापुर, एवं जम्बूघाट पहुंचकर साधु संतों का दर्शन कर हाल चाल जाना। साथ ही सभी स्थानों की साफ सफाई,पेयजलापूर्ति, के साथ साथ मोबाइल टॉयलेट के व्यवस्था की जानकारी लिया।

# लंका फायरिंग केस: आरोपी को जमानत

**वाराणसी (स्वास्तिक सहारा)।** वाराणसी के लंका थाना क्षेत्र में इंस्पेक्टर पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपी विकास पटेल को बड़ी राहत मिली है। प्रभारी जिला जज देवकांत शुक्ला की अदालत ने 50 हजार रुपये के जमानत बंधपत्र पर उसकी रिहाई का आदेश दिया। घटना 14 अगस्त 2025 की है, जब लंका थाना प्रभारी राजकुमार पुलिस टीम के साथ मलहिया तिराहा पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान अपाचे बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वे भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें एक आरोपी घायल होकर गिर पड़ा, जबकि उसका साथी फरार हो गया। घायल आरोपी की पहचान विकास पटेल के रूप में हुई, जिसके पास से कारतूस, नकदी और मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में उसने कई चोरी और छिनैती की वारदातों में शामिल होने की बात कबूली, साथ ही बाइक को बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी परिसर से चोरी करना भी स्वीकार किया। फिलहाल आरोपी को जमानत मिल गई है, जबकि फरार साथी की तलाश जारी है।

# सपा कार्यकताओं ने मनायी पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**नोएडा।** समाजवादी पुरोधा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर की जयंती सेक्टर 102 स्थित भंगेल में मनाई गई। इस अवसर पर सपा जिला प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान, प्रदेश सचिव चौधरी जयकरण एवं महानगर उपाध्यक्ष मनोज के साथ स्वर्गीय चंद्रशेखर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पर बोलते हुए राघवेंद्र दुबे ने कहा कि युवा तुर्क के नाम से मशहूर चंद्रशेखर जी ने हमेशा गरीबों, किसानों, नौजवानों के हित में पूरे जीवन संघर्ष किया। बलिया जिले के इब्राहिम पट्टी में किसान परिवार में जन्में चंद्रशेखर जी अपनी राजनैतिक प्रतिभा के दम पर देश के प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए। 1983 में उन्होंने पूरे भारत की पदयात्रा कर देश को करीब से जानने का काम किया। विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान ने कहा कि चंद्रशेखर जी हमेशा राजनैतिक सुचिता के पक्षधर रहे। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समाजवाद की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव चौधरी जयकरण ने कहा कि चंद्रशेखर ने हमेशा नैतिक मूल्यों पर आधारित राजनीति की। उपाध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा कि चंद्रशेखर जी का राजनीति में बड़ा सम्मान था। गरीबों के हक की लड़ाई उन्होंने पूरे जीवन लड़ी। इस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव चौधरी जयकरण , उपाध्यक्ष मनोज गोयल, सुबोध गोयल, सौरभ जिंदल, मोहित गौतम, रेशमपाल सिंह, सुरेश यादव, उमेश मिश्रा, आलोक दुबे सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## जनगणना 2026 से तय होगा देश का भविष्य

भारत में वर्षों के अंतराल के बाद जनगणना की प्रक्रिया फिर से शुरू हो रही है। लगभग 1.4 अरब की आबादी वाले देश के लिए यह केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि नीति-निर्माण की आधारशिला है। यह जनगणना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछली जनगणना 2011 में हुई थी और 2021 की जनगणना महामारी के कारण टल गई थी। अब लगभग डेढ़ दशक बाद देश अपनी जनसंख्या, सामाजिक संरचना और आर्थिक स्थिति का व्यापक आकलन करने जा रहा है। जनगणना किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए बेहद जरूरी होती है। सरकार की कई योजनाएं—चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास या खाद्य सुरक्षा से जुड़ी हों—इन्हीं आंकड़ों के आधार पर बनाई जाती हैं। यदि आंकड़े सही और अद्यतन न हों तो योजनाओं की दिशा भी गलत हो सकती है। इसलिए जनगणना केवल प्रशासनिक अभ्यास नहीं बल्कि विकास की दिशा तय करने वाला उपकरण है। इस बार की जनगणना कई मायनों में अलग और आधुनिक होगी। पहली बार इसमें डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। नागरिक स्वयं भी ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे और बाद में अधिकारी उसका सत्यापन करेंगे। इसके अलावा मोबाइल अनुप्रयोग और डिजिटल नक्शों के माध्यम से पूरे देश के गांवों और शहरों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर अधिक सटीक जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। इस जनगणना की एक और खास बात यह है कि इसमें सामाजिक और आर्थिक विवरणों के साथ जातिगत आंकड़े जुटाने का मुद्दा भी चर्चा में है। भारत जैसे विविध समाज में जाति, वर्ग और क्षेत्रीय असमानताओं को समझना नीतियों के लिए बेहद जरूरी है। हालांकि यह विषय राजनीतिक रूप से संवेदनशील भी है, इसलिए इसके आंकड़ों का उपयोग सावधानी और पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। आज भारत तेजी से बदल रहा है। शहरीकरण बढ़ रहा है, रोजगार के स्वरूप बदल रहे हैं और जनसंख्या का बड़ा हिस्सा युवाओं का है। ऐसे समय में सही आंकड़े यह बताएंगे कि देश के सामने सबसे बड़ी चुनौतियां क्या हैं—क्या वह रोजगार है, शिक्षा है, स्वास्थ्य सेवाएं हैं या ग्रामीण-शहरी असमानता। अंतत: जनगणना केवल लोगों की गिनती नहीं है, बल्कि यह देश की वास्तविक तस्वीर सामने लाने का माध्यम है। यदि इन आंकड़ों का उपयोग ईमानदारी और दूरदृष्टि के साथ किया जाए तो यह भारत के विकास को नई दिशा दे सकती है। इसलिए जरूरी है कि नागरिक भी इस प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करें और सरकार पारदर्शिता के साथ इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करे।

## दैनिक राशिफल

**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ।**
निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ : इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो।**
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। व्यस्तता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**मिथुन : का, की, कु, घ, ड:, छ, के, को, हा।**
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा।

**कर्क : ही, हे, हु, हो, डा, डी, डू, डे, डो।**
कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा।

**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे।**
कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

**कन्या : टो, पा, पी, पू, ष, ण:, ठ, पे, पो।**
धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा।

**तुला : रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते।**
जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे।

**वृश्चिक : तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू।**
आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु : तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू।**
भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी।**
आज लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दु:खद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ : गू, गे, गो, सो, सी, सू, स, से, दा।**
पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन : दी, दू, थ, झ, यं, दे, दो, चा, ची।**
आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक पुरुषोत्तम पाण्डेय द्वारा मौनेक्स ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस, बी-12, निकट एमएमजी अस्पताल, शंभू दयाल काम्प्लेक्स, जीटी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित एवं 498 प्रथम तल, मैत्री लेन, सैक्टर-5, वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक : विजय प्रकाश पाठक
Mob : 9910460742
website : www.swastiksahara.com
E-mail : swastiksaharanews@gmail.com

विधि सलाहकार
टेट्रा लीगल एलएलपी, लॉ फर्म, नई दिल्ली
मो. नं.: +91 99990 74369
ओमीलाल वर्मा (एडवोकेट)
मो. नं.: 98109 03664

City Office:
11, Maliwara, Near Pyarelal Park, Vasant Road, Ghaziabad-201001 Phone : 0120-4252839

# अनंत समृद्धि का दिन है अक्षय तृतीया



**रमेश सर्राफ धमोरा**




हमारे देश में समय-समय पर बहुत से त्यौहार मनाये जाते हैं। इसलिए हमारे देश को त्योहारों का देश भी कहते है। हिन्दू धर्मावलम्बियों के प्रमुख त्योहारों में से एक अक्षय तृतीया है जिसे हम आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया देश भर में हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य इस शुरू होता है वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्यौहार हर वर्ष वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। इस वर्ष अक्षय तृतीयो 22 अप्रैल को है।

अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं। क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं। अक्षय तृतीया का पर्व बसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था। इसीलिये इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाये थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीयो के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी। और पुराणों के अनुसारे यह दिन त्रेता युग की शुरूआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।

अक्षय तृतीया वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है। इसलिऐ अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है। हिंदू परिवारों के लिए यह दिन बहुत ज्यादा महत्व रखता है। अक्षय शब्द का अर्थ होता है कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है। जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में वैसाख के वसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं। जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला। इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। ₹अक्षय₹ शब्द का अर्थ होता है जो कभी खत्म न हो। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है। जैन धर्म में अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है जिसे दान और पुण्य कार्य करने के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया थो इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। अक्षय तृतीया के दिन यूं तो आप किसी भी देवी-देवता की पूजा कर सकते हैं। लेकिन विशेष रूप से इस दिन माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और धन के देवता कुबेर की पूजा करने का विधान है। अन्य त्योहारों की तरह इस त्यौहार में भी दीपक जलाते हैं। इस दिन किया गया परोपकार हमारे लिए जीवन को सुखी बना देता हैं। इसीलिए इस दिन लोग गरीबों को भोजन कराते हैं तथा उनकी सहायता करते हैं। माना जाता है कि इस दिन किए गए पुण्य हमारे लिए स्वर्ग में जगह बनाते हैं। इस दिन कई लोग जागरण रखकर हवन करते हैं तथा गरीबों को दान देते हैं। कई लोग अपने नए घर में मुहूर्त के हिसाब से प्रवेश करते हैं। अक्षय तृतीया का पौराणिक महत्व भी है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग और त्रेता युग का आरंभ हुआ था। द्वापर युग का समापन और महाभारत युद्ध का समापन भी इसी तिथि को हुआ था। देश के अनेक हिस्सों में इस तिथि का अलग-अलग महत्व है। जैसे उड़ीसा और पंजाब में इस तिथि को किसानों की समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है। तो बंगाल में इस दिन गणपति और लक्ष्मीजी की पूजा का विधान है। इतना पवित्र पर्व होने के उपरांत भी इस दिन बड़ी संख्या में होने वाले बाल विवाह इस पर्व के महत्व को कम करते हैं। अबूझ सावा मानकर बड़ी संख्या में लोग अपने नाबालिक बच्चों की इस दिन शादी कर देते हैं। कम उम्र के बच्चों के विवाह रोकने के लिए इस दिन प्रशासन को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। राजस्थान सहित कई प्रदेशों में तो अक्षय तृतीया का दिन बाल विवाह के लिए बदनाम हो चुका है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। ऐसे पवित्र दिन का महत्व बनाए रखने के लिए समाज को इस दिन होने वाली कुरीतियों पर रोक लगाकर एक सकारात्मक संदेश देना होगा। तभी सार्थकता बनी रह पाएगी।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम: याचक से नायक बनने की ओर अग्रसर महिलाएं

**अंजनी सक्सेना**

भारत का लोकतंत्र एक ऐतिहासिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। दशकों से लंबित महिला आरक्षण का सपना अब साकार होता दिख रहा है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति, सामाजिक संरचना और सत्ता संतुलन में एक गहरे बदलाव का संकेत है। यह वह क्षण है, जब देश की आधी आबादी जो अब तक निर्णय प्रक्रिया में सीमित भूमिका निभा रही थी वह अब सत्ता के केंद्र में अपनी निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराने जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह अधिनियम भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी और प्रतिनिधिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में इस कानून को लेकर जो सक्रियता और राजनीतिक वातावरण तैयार किया जा रहा है, वह इसे जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने की मंशा को दशार्ता है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा की वरिष्ठ महिला नेता अर्चना चिटनीस ने इसे 'देश का भाग्य बदलने वाला कानून' बताया, जो इस अधिनियम की व्यापकता और महत्व को स्पष्ट करता है।

महिला आरक्षण का मुद्दा न तो नया है और न ही आज का है। स्वतंत्रता के बाद से ही संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की मांग समय-समय पर उठती रही। 1990 के दशक में यह मुद्दा गंभीर राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बना, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में महिला आरक्षण विधेयक लाने का प्रयास हुआ लेकिन उस समय राजनीतिक सहमति के अभाव और विरोध के कारण यह विधेयक पारित नहीं हो सका। इसके बाद भी कई सरकारों ने इस विषय को अपने एजेंडे में शामिल किया, लेकिन ठोस परिणाम सामने नहीं आए। यही कारण है कि वर्तमान सरकार इस अधिनियम को केवल विधायी सफलता नहीं, बल्कि दशकों की प्रतीक्षा के अंत के रूप में प्रस्तुत कर रही है।

सरकार के प्रतिनिधियों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को बहुआयामी दृष्टिकोण से आगे बढ़ाया गया है। पहले चरण में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, मुद्रा योजना जैसी पहलों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया। अब दूसरा चरण राजनीतिक सशक्तिकरण का है, जिसमें महिलाओं को सीधे सत्ता और नीति निर्माण में भागीदारी दी जा रही है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। यह कदम केवल



प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राजनीति की दिशा और प्राथमिकताओं को भी बदलने की क्षमता रखता है।

मध्यप्रदेश इस परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य में नगरीय निकायों में पहले से ही महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। उल्लेखनीय बात यह है कि महिलाओं का वास्तविक प्रतिनिधित्व इससे भी अधिक, लगभग 54 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि जब महिलाओं को अवसर मिलता है, तो वे न केवल भागीदारी करती हैं, बल्कि नेतृत्व में भी आगे आती हैं। अर्चना चिटनीस का भी कहना है कि यह अधिनियम महिलाओं को 'याचक नहीं, बल्कि नायक' बनाएगा। यदि यह कथन केवल राजनीतिक बयान नहीं है तो यह एक बड़े सामाजिक परिवर्तन के संकेत दे रहा है।

महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सबसे बड़ा प्रभाव नीति निर्माण पर पड़ेगा। यह माना जाता है कि महिलाएं अधिक संवेदनशील और समावेशी दृष्टिकोण के साथ निर्णय लेती हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला सुरक्षा और सामाजिक कल्याण जैसे मुद्दों पर उनकी प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से सामने आएंगी। इससे शासन की गुणवत्ता में सुधार होगा और नीतियों का प्रभाव अधिक व्यापक और संतुलित होगा। यह अधिनियम सामाजिक न्याय की उस अवधारणा को भी मजबूत करता है, जिसमें हर वर्ग और हर लिंग को समान अवसर मिले।

हालांकि इस अधिनियम को लेकर राजनीतिक सहमति पूरी तरह एक जैसी नहीं है। विपक्ष का कहना है कि इसे जनगणना और परिसीमन से जोड़कर लागू करने में देरी की जा रही है। वहीं भाजपा का तर्क है कि यह प्रक्रिया आवश्यक है ताकि आरक्षण का लाभ सही और संतुलित तरीके से सभी क्षेत्रों तक पहुंच सके। भाजपा नेताओं का यह भी कहना है कि कांग्रेस ने दशकों तक महिला आरक्षण को केवल चुनावी मुद्दा बनाए रखा, जबकि वर्तमान सरकार ने इसे वास्तविकता में बदलने का काम किया। वैसे भी शाहबानो प्रकरण जैसे उदाहरणों के माध्यम से कांग्रेस की नीतियों पर सवाल उठाए जाते रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' का विजन महिलाओं की भागीदारी के बिना अधूरा है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं। सेना, विज्ञान, प्रशासन, राजनीति और उद्यमिता में उनका योगदान लगातार बढ़ रहा है।

देश में महिला राष्ट्रपति, महिला मुख्यमंत्री और अनेक महिला जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी यह संकेत देती है कि भारत अब उस दौर में प्रवेश कर चुका है, जहां महिलाओं का नेतृत्व सामान्य बात बनता जा रहा है। ऐसे में संसद और विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाना समय की मांग भी है और लोकतंत्र की आवश्यकता भी।

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' आने वाले समय में भारतीय राजनीति की दिशा बदल सकता है। जब बड़ी संख्या में महिलाएं संसद और विधानसभाओं में पहुंचेंगी, तो राजनीतिक विमर्श का स्वरूप भी बदलेगा। मुद्दों की प्राथमिकता बदलेगी, निर्णय लेने की शैली बदलेगी और शासन की संवेदनशीलता बढ़ेगी। मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में, जहां पहले से ही महिलाओं को व्यापक अवसर दिए जा रहे हैं, वहां यह बदलाव और तेजी से दिखाई देगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य इस परिवर्तन का अग्रदूत बन सकता है।

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक विकास का नया अध्याय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उठाया गया यह कदम और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा इसे आगे बढ़ाने की पहल यह दशार्ती है कि अब महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक ठोस वास्तविकता बन चुका है। यह अधिनियम उस भारत की नींव रखेगा, जहां महिलाएं केवल मतदाता नहीं, बल्कि नीति निर्धारक होंगी, केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता होंगी। जब देश की आधी आबादी पूरी शक्ति के साथ आगे बढ़ेगी, तो भारत का विकास भी दोगुनी गति से होगा।

आने वाले वर्षों में यह कानून भारतीय राजनीति और समाज दोनों को नई दिशा देगा। एक ऐसी दिशा, जहां समानता, अवसर और नेतृत्व का संतुलन वास्तविक रूप में दिखाई देगा। यही 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का वास्तविक उद्देश्य और इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।

# कमजोर मानसून और आपदा प्रबंधन

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

आगामी मानसून को लेकर के पहला पूवार्नुमान जारी करने के साथ ही मौसम विभाग ने आने वाले मानसूनी सत्र में सामान्य से कम बरसात के संकेत दे दिए हैं। हांलाकि अभी मानसून के पूवार्नुमान और भी जारी किये जाएंगे पर यह आरंभिक सूचना आने वाले समय के लिए गंभीर संकेत है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार सामान्य से 8 फीसदी तक कम बरसात की संभावना जताई गई है। देश के कई हिस्सों में कम बरसात होने के संकेत है तो कुछ हिस्सों में सामान्य बरसात भी हो सकती है। माना जा रहा है कि अल नीनो इफेक्ट के चलते मानसून कमजोर रहेगा। यह भी सही है कि हमारे मौसम मंत्रालय द्वारा जारी पूवार्नुमान अब काफी हद तक आसपास रहने लगे हैं। यहां तक कि दो से तीन घंटों में बरसात होने या आंधी तूफान या ओलावृष्टि तक के पूवार्नुमान खरे उतरने लगे हैं। ऐसे में मौसम विभाग के पूवार्नुमानों को गंभीरता से लेते हुए केन्द्र व राज्यों की सरकारों को अभी से पूर्व तैयारियां करने में जुट जाना चाहिए। खासतौर से आपदा प्रबंधन मंत्रालय को अभी से भावी रणनीति तय करनी होगी। देश में मानसून सीजन में 87 सेमी बरसात होती है जिसके



अनुमानों के अनुसार 81 सेमी तक रहने की आशंका है। पूवार्नुमानों को माने तो 2018 में 91 प्रतिशत बरसात हुई थी उसके बाद के सालों में मानसून लगभग अच्छा ही रहा है। पिछले आठ सालों में मानसून की स्थिति देखें तो 2023 में मानसून अवश्य कमजोर रहा है अन्यथा देष में मानसूनी वर्षा 100 प्रतिशत के आसापास व इससे अधिक ही रही है।

हमारे देश में मानसूनी बरसात पर निर्भरता अधिक है। जहां खेती में मानसूनी बरसात की निर्भरता बहुत अधिक है तो दूसरी और पेयजल को लेकर भी मानसून पर निर्भरता अधिक है। जलाशयों में पानी के भण्डारण और भूजल स्तर भी बरसाती पानी पर ही निर्भर है। हमारी खेती मुख्यतः मानसून पर निर्भर हैं। सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता कमी के कारण मानसून पर खेती 55 से 64 प्रतिशत निर्भर है। पीने के पानी की समस्या भी कमजोर मानसून से प्रभावित होती है। हमारे यहां मानसून का समय जून से सितंबर तक का रहता है। अब सवाल उठता है कि पिछले सालों में मानसून सामान्य से अच्छा रहने के बावजूद कमजोर मानसून की स्थिति से निपटने में हमारी तैयारी कोई अच्छी नहीं मानी जा सकती। अत्यधिक भूजल दोहन और जल संचयन की दीर्घकालीक नीति के अभाव में ठोस परिणाम प्राप्त नहीं हो पाये हैं। ऐसा नहीं है कि नीति नहीं बनती हो या ऐसा भी नहीं है कि जल संचयन के प्रयास नहीं होते हो पर जो परिणाम देखने में आए हैं वह कोई आशाजनक नहीं माने जा सकते। पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की बात करना तो हमारे यहां बेमानी ही रही है। प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण व संधारण में भी हम कुछ अधिक नहीं कर पाये हैं। इसके अलावा हमारे यहां दुर्भाग्यजनक बात यह है कि तात्कालिक प्रयास होते हैं। शहरीकरण की आड़ में प्राकृतिक जल स्त्रोत या तो नष्ट हो गए हैं या उनमें बरसात के पानी जाने के रास्ते अवरुद्ध या बंद हो गए हैं। नदी नालों के रास्ते या तो बंद हो गए हैं या अवरुद्ध हो गए हैं। बरसात के पानी के जलाशयों में रास्तों में अनधिकृत कब्जें, निर्माण और रिसोर्ट बना दिए है। एक समय ऐसा भी आया कि जब विशेषज्ञों ने बरसात के पानी जाने के रास्तों में जगह जगह एनिकट बनाने की सलाह दे ड़ाली और छोटे छोटे एनिकट बनने से नदियों-जलाशयों में पानी की आवक प्रभावित हो गई। इससे तात्कालीक यानी कि एनिकटों में पहले पानी एकत्र तो हुआ पर बाद में इनका रख रखाव नहीं होने से दोहरा नुकसान हुआ। इसी तरह से वर्षा जल संचयन के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए सरकार ने अरबों रुपये खर्च किये पर उनके निर्माण के आंकड़ें पूरे करने के चक्कर में हम भूल गए कि बरसात के पानी इनमें कितना व कैसे जा पाएगा।

# अक्षय तृतीया पर सोना, चांदी आभूषण, वस्त्र, प्रॉपर्टी आदि खरीदने के शुभ मुहूर्त



पंडित शिवकुमार शर्मा के अनुसार अक्षय तृतीया 19 अप्रैल की है। इस दिन भगवती लक्ष्मी एवं विष्णु भगवान की पूजा होती है। अक्षय तृतीया पर भूमि, भवन खरीदना, वाहन खरीदना, सोना, चांदी अन्य वस्तुएं खरीदना बहुत ही शुभ माना जाता है। कहते हैं कि इस दिन जो वस्तुएं खरीदने हैं वह अक्षय रहती हैं अर्थात वह खत्म नहीं होती निरंतर बढ़ती रहती हैं।

अक्षय तृतीया को सोना, चांदी, भूमि गाड़ी, वाहन खरीदने के विशेष मुहूर्त

1.19 अप्रैल 2026 दिन रविवार

प्रातः काल 7:15 बजे से 9:11 बजे तक वृषभ लग्न ( स्थिर लग्न) सोना चांदी आभूषण खरीद दारी, भूमि पूजन, गृह प्रवेश का मुहूर्त।

2. 11: 36 बजे से 12:24 बजे तक अभिजीत मुहूर्त।

3. 13: 44 बजे से शाम 16:00 बजे तक सिंह लग्न ( स्थिर लग्न)

4. रात्रि 20:38 बजे से 22:56 बजे तक वृश्चिक लग्न स्थिर लग्न.

5. शाम 4:30 बजे से 6:00 बजे तक राहु काल का त्याग करना चाहिए

ऐसी मान्यता की अक्षय तृतीया में स्थिर लग्न अथवा अभिजीत मुहूर्त में खरीदी गई वस्तुएं अक्षय होती है। कभी नष्ट नहीं होती है और निरंतर आगे बढ़ती है।

# साजिशन ट्रक से टक्कर मारकर की गई हत्या का हुआ खुलासा, मुख्य आरोपी अभय पाल गिरफ्तार

**स्वास्तिक सहारा ब्यूरो**



**गाजियाबाद।** जनपद में वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत घोरावल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सुनियोजित षड्यंत्र के तहत की गई हत्या के मामले में फरार चल रहे शातिर अभियुक्त अभय पाल को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, 17 अप्रैल को गुरेठ मोड़ के पास चेकिंग के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया। अभय पाल, निवासी रॉबर्ट्सगंज, ट्रक चालक है और लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना 8 दिसंबर 2025 की है, जब घोरावल खुटहा बाईपास पर एक ट्रक ने क्रेटा कार को टक्कर मार दी थी, जिसमें कार चालक राजेश यादव की मौत हो गई थी। शुरूआती जांच में यह मामला सड़क दुर्घटना प्रतीत हुआ, लेकिन विवेचना के दौरान पुलिस को यह एक सुनियोजित हत्या का मामला मिला। जांच में सामने आया कि वर्ष 2023 में मंगल पाल के 9 वर्षीय पुत्र अनुराग पाल का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी, जिसमें राजेश यादव मुख्य आरोपी था। इस मामले में जमानत पर बाहर आने के बाद राजेश यादव को मारने की साजिश रची गई। इसी रंजिश के चलते मंगल पाल ने अपने रिश्तेदार अभय पाल और अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि योजना के तहत एक पुरानी ट्रक खरीदी गई और घटना वाले दिन खुटहा बाईपास पर पहले से घात लगाकर इंतजार किया गया। जैसे ही राजेश यादव अपनी कार से वहां पहुंचा, अभय पाल ने ट्रक से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने साथी के साथ फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने इस खुलासे को बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सिंगरौली रेलवे स्टेशन पर डीआरएम का निरीक्षण, ओबीसी एसोसिएशन ने किया सम्मान, चोपन सेक्शन में डॉक्टर की कमी का मुद्दा उठाया

**स्वास्तिक सहारा ब्यूरो**



**सिंगरौली।** सिंगरौली में धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) अखिलेश मिश्रा के सिंगरौली रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान ओबीसी एसोसिएशन द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीआरएम को बुके एवं शाल भेंट कर उनका अभिनंदन किया और क्षेत्रीय समस्याओं से भी अवगत कराया।

निरीक्षण के दौरान ओबीसी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने चोपन रेलवे सेक्शन में डॉक्टर की कमी का गंभीर मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि इस सेक्शन में कार्यरत रेलकर्मियों और उनके परिवारों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एसोसिएशन ने डीआरएम से इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।

डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने एसोसिएशन के सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि संबंधित समस्याओं पर उचित कार्यवाही की जाएगी, ताकि कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस कार्यक्रम में ओबीसी एसोसिएशन की ओर से चंद्रजीत कुमार, विकाश कुमार, जितेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार, मनोज कुमार, सी.पी. गुप्ता, खेमराज प्रजापति, राकेश चौरसिया, विद्यासागर सोनी एवं कालिका प्रसाद सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। अंत में एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि ओबीसी एसोसिएशन हमेशा कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करती रही है और भविष्य में भी इसी तरह उनके अधिकारों एवं सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी।

# ब्रेक फेल होने से दाल लदा ट्रक आगे चल रहे गिट्टी लदे ट्रेलर में पीछे से भिड़ा, चालक सुरक्षित



**स्वास्तिक सहारा ब्यूरो**

**हलिया, मिजार्पुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी में जालिम मोड़ के पास शुक्रवार शाम पांच बजे के करीब दाल लादकर नीचे उतरते समय ट्रक का अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रक आगे चल रहे गिट्टी लदे ट्रेलर में पीछे से टक्कर मारते हुए क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक खन्ने यादव व खलासी बृजेश यादव बाल बाल सुरक्षित बच गए। मध्य प्रदेश के कटनी से अरहर की दाल लादकर बिहार जा रहा ट्रक ड्रमंडगंज घाटी में नीचे उतरते समय जैसे ही जालिम मोड़ के पास पहुंचा कि अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रक आगे चल रहे ट्रेलर में पीछे से जा भिड़ा। ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई।

# 109 वर्ष पुराने एम.एल.ए. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वाटर कूलर भेंट, जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा का जिम्मा उठाने आगे आया समाज

**धीरज शर्मा**




**पटौदी।** पटौदी क्षेत्र के ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित M.L.A. Senior Secondary School में संस्था द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए वाटर कूलर भेंट किया गया। इस अवसर पर पटौदी की विधायक बिमला चौधरी ने विधिवत शुभारंभ किया। शुभारंभ के उपरांत उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान विधायक बिमला चौधरी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर शिक्षा जैसे पवित्र कार्य में योगदान देना चाहिए। उन्होंने विद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। गौरतलब है कि यह विद्यालय महान संत स्वामी प्रेमानंद जी महाराज द्वारा स्थापित किया गया था और अब अपने गौरवशाली 109 वर्ष पूरे कर चुका है। इस संस्थान से पढ़ी अनेक पीढ़ियां आज देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रही हैं। कभी हजारों विद्यार्थियों से गुलजार रहने वाला यह विद्यालय वर्तमान में सीमित संख्या में छात्रों के साथ संघर्ष कर रहा है, लेकिन अपनी समृद्ध विरासत और मजबूत आधार के साथ एक नई उड़ान भरने को तैयार है। क्षेत्र में इसे 'नालंदा' के नाम से भी जाना जाता है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रधान रमेश कुमार गर्ग ने उपस्थित अतिथियों से अपील की कि वे जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा का खर्च उठाने में सहयोग करें, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। इस अपील का सकारात्मक असर भी तुरंत देखने को मिला। समाजसेवी तरुण गर्ग और श्रवण कुमार ने दो-दो बच्चों की जिम्मेदारी ली, वहीं पार्षद राकेश कुमार उर्फ बबल ने भी दो बच्चों की शिक्षा का संपूर्ण खर्च उठाने का संकल्प लिया। इसके अलावा सुरेंद्र गर्ग, मुकेश शर्मा उर्फ मुख्वा, अमित मित्तल और पवन कुमार ने एक-एक बच्चे की पूरे वर्ष की फीस, किताबें और ड्रेस का खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, विद्यालय में उत्कृष्ट वातावरण और आधुनिक मूल्यों के साथ अन्य स्कूलों की तुलना में कम शुल्क पर शिक्षा प्रदान की जाती है। यदि कोई विद्यार्थी आर्थिक रूप से फीस देने में असमर्थ होता है, तो भी उसकी शिक्षा पूरी करना संस्था अपनी जिम्मेदारी मानती है। इसी क्रम में पिछले वर्ष एक ऐसे छात्र की शिक्षा निशुल्क कराने का निर्णय लिया गया, जिसके माता-पिता का दुर्घटना में निधन हो गया था। कार्यक्रम में स्वामी सुशील गिरी महाराज, श्रीपाल चौहान, शिव कुमार गुप्ता, अजय मंगला, सुभाष चंद्र गर्ग, अमीर चंद सैनी, वेद प्रकाश, विजय पाल चौहान, पूर्व सरपंच करण सिंह जसात, रामवीर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भीषण आग से कई परिवारों की गृहस्थी तबाह, लाखों का नुकसान

**स्वास्तिक सहारा ब्यूरो**



**हलिया, मिजार्पुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गोकुल गड़बड़ा गांव में शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लगी भीषण आग ने कई परिवारों की गृहस्थी को पूरी तरह तबाह कर दिया। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते अनाज, नगदी और भूसा जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आकर गांव निवासी उमाशंकर पुत्र बृजलाल के घर में रखा करीब 10 कुंतल गेहूं, 4 कुंतल चावल, लगभग 50 हजार रुपये नगद, सोने-चांदी के आभूषण, चारपाई, गद्दा, रजाई सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। वहीं सूर्यमणि तिवारी पुत्र श्याम सुंदर का लगभग चार बीघा भूसा और पुआल भी आग की भेंट चढ़ गया। इसके अलावा हीरालाल पुत्र कृपाल गुप्ता का तीन बीघा तथा अनंतू गुप्ता पुत्र रामनरेश का करीब पांच बीघा भूसा जलकर राख हो गया, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, जब तक आग बुझाई गई, तब तक प्रभावित परिवारों का अधिकांश सामान जलकर खाक हो चुका था। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को देगा नई दिशा

**स्वास्तिक सहारा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (संविधान संशोधन अधिनियम, 2023) को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर डॉ. गीता जायसवाल एवं डॉ. दीप्ति सिंह ने कहा कि यह अधिनियम भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण की मांग को पूरा करने के लिए यह कानून एक निर्णायक पहल है। वक्ताओं ने बताया कि इस अधिनियम के तहत लोकसभा, राज्य विधानसभाओं तथा दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। इससे न केवल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि नीति निर्धारण में उनके दृष्टिकोण को भी मजबूती मिलेगी। वर्तमान में भारतीय संसद में महिलाओं की भागीदारी लगभग 15 प्रतिशत है, जो इस अधिनियम के पूर्ण क्रियान्वयन के बाद बढ़कर लगभग 33 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, यह आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होगा। इसके लिए देश में अगली जनगणना कराना आवश्यक है। जनगणना के बाद परिसीमन (निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्गठन) की प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात ही यह व्यवस्था प्रभावी हो सकेगी। इस कारण इसके लागू होने में कुछ समय लग सकता है। अधिनियम के अनुसार यह आरक्षण प्रारंभिक रूप से 15 वर्षों के लिए लागू रहेगा, जिसे आवश्यकता के अनुसार आगे भी बढ़ाया जा सकता है। साथ ही, आरक्षित सीटों का रोटेशन प्रत्येक परिसीमन के बाद किया जाएगा, जिससे विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को प्रतिनिधित्व का अवसर मिल सके। इस कानून में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के लिए भी विशेष प्रावधान किया गया है। इन वर्गों के लिए आरक्षित सीटों में से एक-तिहाई सीटें उनकी महिलाओं के लिए निर्धारित होंगी। हालांकि, अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अलग उप-कोटा का प्रावधान नहीं किया गया है, जिस पर विभिन्न स्तरों पर चर्चा जारी है। इस अवसर पर पंचायती राज अधिकारी नमिता शरण, जिला दिव्यांगजन अधिकारी विद्या देवी, एनआरएलएम से सरिता सिंह, डीपीओ विनीत सिंह तथा जिला अल्पसंख्यक अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, विनय सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने उम्मीद जताई कि यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था को भी और अधिक समावेशी बनाएगा।

# ऑपरेशन चक्रव्यूह में बड़ा एक्शन: 624 ग्राम गांजा संग आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी (स्वास्तिक सहारा)।** कमिश्नरेट के गोमती जोन में चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत थाना मिजार्मुराद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बेनीपुर चौराहे के पास छापेमारी कर पुलिस ने कुंतली बिंद (48 वर्ष) को अवैध गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 624 ग्राम अवैध गांजा (कागज व प्लास्टिक पुड़िया में पैक) तथा बिक्री के नकद रुपये बरामद किए गए। पूछताछ में उसने बताया कि वह गांजा बेचकर ही अपनी जीविका चलाता है। इस मामले में थाना मिजार्मुराद में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी में उ0नि0 गणेश प्रसाद पटेल, उ0नि0 अविनाश कुमार सिंह सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

# चाइल्ड पीजीआई में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मिले विशेष पुरस्कार

**स्वास्तिक सहारा ब्यूरो**



**नोएडा।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ नोएडा द्वारा 'उड़ान 2026 आशा के नायकों का सम्मान' कार्यक्रम का सफल आयोजन संस्थान के ऑडिटोरियम में किया गया। यह पहला वार्षिक हेमेटो ऑन्कोलॉजी चैंपियंस मीट एवं अवार्ड समारोह था। इस कार्यक्रम में लगभग 200 हेमोफीलिया, थैलेसीमिया एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट सर्वाइवर्स तथा उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य इन बच्चों और युवाओं के साहस, संघर्ष और उपलब्धियों का सम्मान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक डॉ. ए.के. सिंह एवं सीएमएस प्रो. डॉ. मुकुल कुमार जैन ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, रैंप वॉक, स्केटिंग, स्किट, जुम्बा एवं आर्ट एग्ज़िबिशन जैसी रंगारंग गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसने सभी उपस्थित लोगों को आनंदित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. नीता राधाकृष्णन, विभागाध्यक्ष एवं अतिरिक्त प्रोफेसर, बाल चिकित्सा हीमेटोलॉजी एवं ऑन्कोलॉजी विभाग, चाइल्ड पीजीआई नोएडा ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों एवं सहयोगी संस्थाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बच्चों के समग्र विकास और बेहतर जीवन गुणवत्ता के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

# अज्ञात महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पहचान में जुटी पुलिस

**चोपन, सोनभद्र (स्वास्तिक सहारा)।** चोपन कस्बे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार शाम एक अज्ञात महिला की मृत्यु का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार समय करीब 5:00 बजे स्वास्थ्य केंद्र से सूचना मिली कि एक महिला मृत अवस्था में पड़ी हुई है। सूचना पर उपनिरीक्षक राम ज्ञान सिंह यादव मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। जानकारी में सामने आया कि उक्त महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और कस्बे में इधर-उधर भटककर रहती थी। बताया गया कि सोन नदी पुलिया के पास अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद 112 नंबर पर तैनात पुलिसकर्मी उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों को बुलाकर महिला की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। फिलहाल क्षेत्र में व्हाट्सएप के माध्यम से महिला की फोटो प्रसारित कर पहचान कराने का प्रयास जारी है। साथ ही मीडिया के माध्यम से भी आमजन से पहचान में सहयोग की अपील की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लोढ़ी स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# छत से गिरने से घायल 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत

**हलिया/मिजार्पुर (स्वास्तिक सहारा)।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया पहड़ी बस्ती में गुरुवार की रात्रि में छत से गिरने की वजह से घायल 70 वर्षीया बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर पहुँचे बुजुर्ग महिला के परिजनों द्वारा उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले जाया गया जंहा पर चिकित्सक द्वारा देखते ही बुजुर्ग महिला को मृत घोषित कर दिया गया वृद्ध महिला के मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों ने पुलिस को सूचित किए बगैर मृत बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार कर दिया थाना क्षेत्र के हलिया कोल पहड़ी बस्ती निवासी 70 वर्षीया धनराजी अपने पक्के मकान के छत पर सो रही थी देर रात्रि में अचानक छत से नीचे गिर गई जिससे बुजुर्ग महिला के सिर में गंभीर चोट लगने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई मकान की तरफ गए महिला के परिजनों द्वारा बुजुर्ग महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले जाया गया जंहा पर चिकित्सक ने देखते ही महिला को मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है सूचना पर ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ मृत बुजुर्ग महिला के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया बीते दिनों बुजुर्ग महिला के मडहे में आग लगने से गृहस्थी व खाद्यान सामग्री जलकर राख हो गया था मृत बुजुर्ग महिला को एक पुत्र है परिजनों द्वारा पुलिस को बगैर सूचित किए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# महोगढ़ी जंगल में लगी आग, वन विभाग की टीम आग बुझाने में जुटी

**स्वास्तिक सहारा ब्यूरो**



**हलिया, मिजार्पुर।** ड्रमंडगंज वनरेंज के महोगढ़ी गांव के जंगल में शुक्रवार दोपहर बाद अज्ञात कारणों से आग लग गई। पहाड़ पर लगी आग तेज हवाओं के चलने से जंगल में तेजी से फैलने लगी। आधा किलोमीटर के दायरे में जंगल में लगी आग कई हिस्से में फैल गई।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वनविभाग की टीम आग बुझाने में तेजी से जुट गई। महोगढ़ी पहाड़ से तीन सौ मीटर दूर गो आश्रय स्थल और बस्ती के लोगों में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी,वाचर सौरभ सिंह, नन्हकू,सोनल सिंह,बबलू आदि आग बुझाने में जुटे हुए हैं।आग ड्रमंडगंज घाटी में बड़का मोड़ के पास तक पहुंच गई वनविभाग की टीम ने आग बुझाकर ड्रमंडगंज घाटी की तरफ बढ़ रही आग पर काबू पा लिया।आनन फानन ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच गई लेकिन पहाड़ के ऊपर लगी आग को नही बुझा सकी। वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी ने बताया कि महोगढ़ी जंगल में लगी आग को बुझाने का तेजी से प्रयास किया जा रहा है आग पहाड़ की ऊंची चोटी तक पहुंच गई है आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है देर शाम तक आग पर काबू पूरी तरह से काबू पा लिया जाएगा।

# प्रज्ञान वशिष्ठ ने किया श्रीजी स्कूल टॉप



**टप्पल (स्वास्तिक सहारा)।** बुधवार को आए सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में जट्टारी के श्रीजी पब्लिक स्कूल के प्रज्ञान वशिष्ठ ने 98.2 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय टॉप किया। इसी के साथ 95% अंक के साथ रचित कुमार ने दूसरा, 93.3 प्रतिशत अंक के साथ मानषी अग्रवाल ने तीसरा, 93.2 प्रतिशत अंक के साथ सृष्टि ने चौथा और 90.4 प्रतिशत अंक के साथ एजाज खान ने विद्यालय में पांचवा स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल कर्मेंद्र वार्ष्णेय ने बताया कि विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। साथ ही प्रिंसिपल कर्मेंद्र वार्ष्णेय, प्रबंधक गौरव अग्रवाल व उप प्रधानाचार्य दिनेश शर्मा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना में करे आवेदन

**सोनभद्र (स्वास्तिक सहारा)।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र विनोद कुमार चौधरी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण हेतु सहायता योजना में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत सोनभद्र जनपद में कालीन के हस्तशिल्पियों/उद्यमियों व कारीगरो को इकाई स्थापना हेतु लक्ष्य का आवंटन किया गया है। इस योजनान्तर्गत कालीन के उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय क्षेत्र में इकाई स्थापित करने वाले उद्यमियों को ऋण के सापेक्ष मार्जिन मनी सहायता/सब्सिडी प्रदान की जायेगी। कालीन निर्माण/व्यवसाय/ सेवा क्षेत्र की इकाई स्थापित करने के इच्छुक अभ्यर्थी आनलाईन आवेदन कर सकते है। आनलाईन आवेदन पत्र वेबसाइट पर दिनांक 14.04.2026 से अपलोड कर सकते है। जिसकी हार्ड कापी कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, सोनभद्र में जमा करें। विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्यदिवस में कौशल कुमार कनिष्ठ सहायक से मो० न0 6388461328 पर सम्पर्क कर सकते है। पात्रता शौक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नही है। लाभ केवल कालीन के उद्यमियों को ही प्राप्त होगा। आवेदक या इकाई किसी भी बैंक का चूककर्ता नहीं हो। आवेदनकर्ता की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। आवेदनकर्ता जनपद का स्थाई निवासी होना चाहिए। मोबाईल नं० सही-सही होना चाहिए।आवेदनकर्ता को इस आशय से कि उसने एवं उसके परिवार के किसी सदस्य ने पूर्व में किसी अन्य स्वरोजगार योजना का लाभ नही लिया हो। नोटरी शपथ पत्र 10 रू0 के स्टाम्प पर देना होगा। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र से सम्पर्क कर सकते है।

# दुष्कर्म व आईटी एक्ट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, अश्लील सामग्री वायरल करने वाला आरोपी दबोचा गया

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ओबरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दुष्कर्म एवं आईटी एक्ट से जुड़े मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है, जो सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री वायरल कर पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा था।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय के नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने अभियुक्त राज जायसवाल (31 वर्ष), निवासी महुआ कोठी सिरसा, थाना मेजा, जनपद प्रयागराज को 16 अप्रैल 2026 की रात करीब 11:10 बजे थाना सैनी (कौशाम्बी) के सामने ओवरब्रिज हाईवे (कानपुर रोड) से गिरफ्तार किया, जब वह दिल्ली भागने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के खिलाफ थाना ओबरा में दुष्कर्म व आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज था। पीड़िता ने शिकायत में बताया था कि आरोपी ने उसके निजी फोटो और वीडियो अपने पास रखकर व्हाट्सएप व फेसबुक के माध्यम से उसे और उसके परिजनों को भेजकर वायरल किया। विरोध करने पर आरोपी द्वारा दोबारा वायरल करने की धमकी दी जा रही थी, जिससे पीड़िता मानसिक रूप से परेशान थी।

शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक वीवो मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिसमें आपत्तिजनक सामग्री होने की आशंका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय, हेड कांस्टेबल संतोष कुमार पटेल व कांस्टेबल अरुण कुमार यादव शामिल रहे।

# अकादमिक लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत भूटान के शिक्षाविदों का शैक्षिक भ्रमण का आयोजन

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो




**नोएडा।** विश्व भारती पब्लिक स्कूल, नोएडा में एकेडमिक लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भूटान से 45 शिक्षाविदों का एक प्रतिनिधि मंडल शिक्षा मंत्रालय के निर्देशन में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के माध्यम से विद्यालय पहुँचा। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत और भूटान के बीच शैक्षिक नीतियों, शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यालयी व्यवस्थाओं का आदान-प्रदान करना था। विद्यालय में आगमन पर प्रधानाचार्या अमिता गंजू द्वारा अतिथियों का पारंपरिक तरीके से पुष्प माला तथा दीप प्रज्वलन द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके लिए सांस्कृतिक नृत्य छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात उन्हें विद्यालय की विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों, आधुनिक शिक्षण तकनीकों, स्मार्ट कक्षाओं, प्रयोगशालाओं तथा सह-शैक्षिक कार्यक्रमों से अवगत कराया गया। प्रतिनिधि मंडल ने कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित कर शिक्षण-प्रक्रिया की सराहना की। विद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रणाली, कौशल-आधारित शिक्षा तथा नवाचारों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच शिक्षा के क्षेत्र में सुधार, नवाचार तथा भविष्य की संभावनाओं पर सार्थक चर्चा हुई। भूटान के शिक्षाविदों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं, अनुशासन तथा शैक्षिक गुणवत्ता की प्रशंसा की। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्या अमिता गंजू ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार के शैक्षिक आदान-प्रदान को भविष्य में भी जारी रखने की आशा व्यक्त की। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने तथा नई शिक्षण पद्धतियों के आदान-प्रदान के लिए अत्यंत उपयोगी एवं सफल सिद्ध हुआ।

# तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत, परिवार में कोहराम

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के चुर्क चौकी अंतर्गत एक दर्दनाक हादसे में अधेड़ की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चुर्क क्षेत्र का रहने वाला व्यक्ति शुक्रवार सुबह अपनी भैंस को लेकर गांव के पास स्थित तालाब की ओर गया था। इसी दौरान भैंस तालाब में चली गई, जिसे निकालने के लिए व्यक्ति खुद पानी में उतर गया।

बताया जा रहा है कि तालाब गहरा होने के कारण युवक अचानक असंतुलित हो गया और देखते ही देखते गहरे पानी में समा गया। अधेड़ की डूबने की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुछ साहसी युवकों ने तालाब में छलांग लगाकर अधेड़ को खोजने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद अधेड़ को तालाब से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी हालत बेहद गंभीर हो चुकी थी। ग्रामीणों की मदद से व्यक्ति को आनन-फानन में निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया। मृतक की पहचान 50 वर्षीय रजिन्दर यादव पुत्र स्व चन्दन यादव निवासी रौप के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही चुर्क चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तालाबों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# नोएडा की बेटी सौम्या ने कराटे में जीता स्वर्ण, जिले का बढ़ाया मान



**नोएडा (स्वास्तिक सहारा)।** नोएडा स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में सेक्टर-48 की सौम्या सक्सेना ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मैडल ) पर कब्जा जमाया है। इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि उन्होंने पूरे जिले का नाम रोशन किया है। बता दे की 6 साल की नन्हीं सौम्या सक्सेना जो हेरिटेज पब्लिक स्कूल सेक्टर-49 मे क्लास वन की छात्रा है ने नोएडा स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर वाकई कमाल कर दिया है। इतनी कम उम्र में ऐसा अनुशासन और जज्बा देखना प्रेरणादायक है। उनके पिता विकास सक्सेना ने बताया कि सौम्या की उपलब्धि पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है, और लोग लगातार बधाई देने के लिए घर पर आ रहे।

# पैदल सड़क पार कर रहे तीन छात्रों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

**दादरी।** शुक्रवार को जीटी रोड स्थित कूड़ी खेड़ा गांव मोड़ के पास एक ट्रक ने तीन छात्रों को टक्कर मार कर घायल कर दिया। इनमें एक छात्र की मौत हो गई। वहीं, दो घायल छात्रों का उपचार चल रहा है। उधर, ट्रक चालक मौके से भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान कक्षा आठ के उमर और घायलों की पहचान रवि (कक्षा 8) और अजय कुमार (कक्षा 9) के रूप में हुई है। तीनों धूम मानिकपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी हैं। तीनों छात्र शुक्रवार देर शाम रोडवेज बस से स्कूल जा रहे थे। कूड़ी खेड़ा मोड के पास बस से उतरकर पैदल सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान ट्रक चालक ने तीनों टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना छात्रों के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस अज्ञात ट्रक चालक की तलाश में लगी है।

# तेज रफ्तार बाइक चालक खंभे से टकराकर गंभीर रूप से घायल, ट्रामा सेंटर किया रेफर

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**हलिया/मिजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित हड़सड़ गांव के पास शुक्रवार को 11 बजे के करीब तेज रफ्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर खंभे से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस सेवा से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद युवक के सीर तथा सीने की गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया हलिया थाना क्षेत्र के बेलाही गांव निवासी शिवनारायन कोल का 25 वर्षीय पुत्र दीपक कोल किसी कार्यवश गड़बड़ा जा रहा था बाइक चालक जैसे ही थाना क्षेत्र के हड़सड़ गांव के पास पहुंचा कि तेज रफ्तार के चलते अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे खंभे से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस सेवा से घायल बाइक चालक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जहां पर मौजूद डॉक्टर रीना सिंह पटेल फार्मासिस्ट अजय कुमार के द्वारा घायल युवक का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत घायल के सिर तथा सीने की गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु ट्रामा सेंटर के लिए रेफर करने के साथ ही घायल युवक के परिजनों को सूचित कराया गया।

# जीएल बजाज इंस्टिट्यूट में 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो



**ग्रेटर नोएडा।** जीएल बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च द्वारा दो दिवसीय 'नौवा इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन ग्लोबल बिजनेस इनोवेशंसः इनक्लूशन एंड एक्सपेंशन' का सफल आयोजन पीजीडीएम ऑडिटोरियम, जीएलबीआईएमआर कैंपस में किया गया। यह सम्मेलन वैश्विक व्यापार नवाचार, समावेशन एवं विस्तार जैसे समसामयिक विषयों पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन से हुआ। दो दिवसीय इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं उद्योग विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि डॉ. भीमराया मेत्री, निदेशक आईआईएम नागपुर ने अपने संबोधन में कहा कि वैश्विक व्यापार परिदृश्य में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में नवाचार अनिवार्य हो गया है। शिक्षा और उद्योग के बीच बेहतर समन्वय समय की मांग है। शोधार्थियों को अपने शोध में गुणवत्ता, प्रासंगिकता एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, ताकि उनका कार्य समाज और उद्योग दोनों के लिए उपयोगी सिद्ध हो। विशिष्ट अतिथि डॉ. ममता रानी अग्रवाल, एडिशनल सेक्रेटरी, ए आई यू ने कहा कि उच्च शिक्षा में समावेशिता, नवाचार एवं शोध की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गुणवत्तापूर्ण शोध देश के समग्र विकास में योगदान देता है। शोधार्थियों को नई तकनीकों और अंतःविषय दृष्टिकोण अपनाकर वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार रहना चाहिए। जीएल बजाज ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के सीईओ कार्तिकेय अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय मंच हमारे छात्रों और फैकल्टी को वैश्विक रुझानों से जोड़ते हैं। समावेशन और नवाचार के बिना विस्तार संभव नहीं है। जीएल बजाज ऐसे आयोजनों के माध्यम से शोध और उद्योग जगत के बीच सेतु का कार्य करता रहेगा। डायरेक्टर डॉ. सपना राकेश ने कहा कि 9वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हमारे लिए गर्व का विषय है। विभिन्न ट्रैक्स में प्रस्तुत शोध पत्रों ने विषय की गहराई और विविधता को दशार्या। यह मंच न केवल ज्ञान के आदान-प्रदान का माध्यम बना, बल्कि प्रतिभागियों को नए विचारों और सहयोग के अवसर भी प्रदान किए। सम्मेलन के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शोधार्थियों ने डेटा एनालिसिस, मार्केटिंग, एचआर तथा फाइनेंस जैसे ट्रैक्स में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इन सत्रों में गहन चर्चा एवं ज्ञानवर्धन का माहौल रहा। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता एवं सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ हुआ, जिससे यह आयोजन अत्यंत सफल एवं यादगार बन गया। प्रथम दिन का समापन डॉ आदर्श गर्ग एवम डॉ आनंद राय ,कांफ्रेंस कन्वीनर के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ ।

# सपा प्रतिनिधिमंडल को डीएनडी पर रोका, पुलिस लाइन ले गया प्रशासन



स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा में चल रहे श्रमिकों के आंदोलन की आवाज को बुलंद करने और उनकी पीड़ा सुनने आई समाजवादी प्रतिनिधि मंडल को भारी पुलिस बल द्वारा डीएनडी पर रोक दिया गया और उनको श्रमिकों से मिलने नहीं दिया गया। जिसका समाजवादी प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों ने पुरजोर तरीके से विरोध किया और इसको पूरी तरीके से लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ बताया। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के अगुवाई में आए प्रतिनिधि मंडल को पुलिस लाइन ले जाया गया नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि वर्तमान सरकार मजदूरों छोटे व्यापारियों किसानों युवाओं के विरोध में काम कर रही है। उत्तर प्रदेश में वर्तमान सरकार पूरी तरीके से तानाशाही का राज चला रही है। लोकतंत्र व संविधान को सरकार के द्वारा कुचला जा रहा है भारत से आए हुए विभिन्न राज्यों के गरीब लोगों मजदूरों के साथ सरकार अन्याय कर रही है। श्रमिक अपना हक मांगता है तो सरकार उसको गिरफ्तार करके उसकी आवाज को दबाना चाह रही है। समाजवादी पार्टी श्रमिकों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़ी है उनकी सभी जायज मांगों के लिए उनके साथ खड़ी है। निर्दोष मजदूरों को तुरंत रिहा किया जाए। मजदूरों की जायज मांगों को तुरंत लागू किया जाए। साथ ही साथ सपा नोएडा महानगर वह जिले के कई नेताओं को घर में नजर बंद करने पर प्रशासन को घेरा और कहा कि जनता इसका जवाब देने का काम करेगी इस तरीके से आप लोगों की आवाज को दबा नहीं सकते हैं। प्रतिनिधि मंडल में माता प्रसाद पांडेय, सुधीर भाटी, आश्रय गुप्ता, शाहिद मंजूर, कमाल अख्तर, अतुल प्रधान, पंकज कुमार मलिक, शशांक यादव, फकीरचंद नागर, राजकुमार भाटी, वीर सिंह यादव, सुनील चौधरी, महासचिव विकास यादव, रामवीर यादव, रोहित, सुरेंद्र, सतबीर यादव, मोहित यादव, मोनू खारी, उदय सिंह, लोकेश यादव, रोहित बिल्लू सैफी व बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# रोजगार सेवकों ने बकाया मानदेय को लेकर प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**हलिया, मिजार्पुर (स्वास्तिक सहारा)।** रोजगार सेवकों ने ब्लाक मुख्यालय हलिया पर शुक्रवार को 11 महिने से बकाया मानदेय तथा ईपीएफ भुगतान नहीं होने से आक्रोशित होकर ब्लॉक अध्यक्ष रोजगार सेवक अनिल तिवारी की अध्यक्षता में एकजुट होकर प्रदर्शन करते हुए खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी को बकाया मानदेय तथा इपीएफ भुगतान संबंधी ज्ञापन सौंपते हुए सांकेतिक हड़ताल करने की घोषणा की गई उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर मनरेगा योजना के अंतर्गत विकासखंड हलिया में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवक एपीओ तकनीकी सहायक और कंप्यूटर ऑपरेटर ने ज्ञापन देते हुए कहा कि 11 महीने का मानदेय तथा इपीएफ भुगतान लंबित है इसके विरोध में समस्त कमी 16 अप्रैल से 25 अप्रैल तक कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे रोजगार सेवकों ने ज्ञापन देते हुए चेतावनी दी की यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो 26 अप्रैल के बाद प्रत्येक ब्लॉक से मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड के माध्यम से पत्र भेजे जाएंगे इसके अतिरिक्त एक मई 2026 को मुख्यमंत्री नामित संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौप जाएगा प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने यह भी माग कीया की उन पर कार्य करने के लिए किसी भी प्रकार का दबाव न बनाया जाए जिस संबंध में खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि ब्लॉक स्तर से इनके मांगों को उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है जैसे ही शासन की तरफ से इनका मानदेय आता है इनको भुगतान कर दिया जाएगा रोजगार सेवकों का मांग करना जायज है इनके ऊपर विशेष कार्य करने का दबाव नहीं बनाया जा रहा है कुछ कार्य ऐसे हैं जिनको करना आमजन के लिए हितकारी है जैसे आवास योजना के कार्य बेहद जरूरी है यदि गरीब आवास योजना का कार्य समय से नहीं हुआ तो उनको आवास मिल पाना मुश्किल हो जाएगा इसलिए गरीबों के हित को ध्यान में रखते हुए आवास का कार्य पूर्ण करने की अपील की इस दौरान रोजगार सेवक ब्लॉक अध्यक्ष अनिल तिवारी, एपीओ ज्ञान सिंह,मुनेश कुमार पाण्डेय,पवन कुमार मिश्र,आदेश देव पांडेय, सुभाष,अनोज कुमारी,सुनीता देवी,उर्मिला देवी, मुद्रिका प्रसाद,राम भवन,राजेन्द्र कुमार,महेंद्र कुमार सहित दर्जनों ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# आईएमएस नोएडा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर पॉडकास्ट एवं शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नोएडा (स्वास्तिक सहारा)।** आईएमएस नोएडा के एक्सटेंशन एवं आउटरीच सेल के तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पॉडकास्ट का आयोजन हुआ। पॉडकास्ट के दौरान राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका, सशक्तिकरण तथा उनके योगदान पर विमर्श किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने महिला सम्मान, समान अधिकार और सशक्त समाज निर्माण का संकल्प भी लिया। एक्सटेंशन एवं आउटरीच सेल की हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि आज के कार्यक्रम के दौरान निठारी गांव की पूर्व प्रधान विमलेश शर्मा, नीरजा फुटपाथ शाला की संस्थापिका नीरजा सक्सेना, बहलोलपुर गांव की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कुमारी एवं पूनम कुमारी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व, महिलाओं को राजनीतिक एवं सामाजिक भागीदारी में मिलने वाले अवसरों तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में इसके सकारात्मक प्रभावों पर अपने विचार साझा किए। पॉडकास्ट सत्र के उपरांत संस्थान के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने महिलाओं के सम्मान, समान अधिकार तथा समाज में उनकी भागीदारी को सुदृढ़ करने हेतु शपथ ली। विमलेश शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। यह अधिनियम महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में अधिक भागीदारी प्रदान करेगा, जिससे वे राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी। नीरजा सक्सेना ने कहा कि महिलाएं प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प की मिसाल हैं। जब उन्हें समान अवसर, उचित मंच और प्रोत्साहन मिलता है, तो वे शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, खेल, व्यापार, कला तथा सामाजिक सेवा सहित प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं। महिलाएं केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश के विकास की मजबूत आधारशिला हैं। वहीं आशा कुमारी एवं पूनम कुमारी ने कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को भी आगे बढ़ने और नेतृत्व की दिशा में प्रेरित करेगा।

# वैष्णो मंदिर के पास कोयला लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलटी, चालक घायल

स्वास्तिक सहारा ब्यूरो

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत डाला पुलिस चौकी के बाड़ी स्थित वैष्णो मंदिर के समीप शुक्रवार तड़के वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब कोयला लोड एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मौके पर पहुंची डायल 112 पीआरवी टीम ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चोपन भेजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब तीन बजे की है। ट्रेलर वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर हाथीनाला की ओर से आ रहा था। बाड़ी स्थित वैष्णो मंदिर के पास बने डायवर्सन मार्ग पर चालक ने वाहन मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन तेज गति के कारण ट्रेलर अनियंत्रित हो गया। वाहन सड़क किनारे स्थित एक पुलिया से टकराते हुए एसएसएस होटल के सामने पलट गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चालक केबिन में फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद एम्बुलेंस की सहायता से उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस स्थान पर लंबे समय से डायवर्सन बना हुआ है, जो अब हादसों का कारण बनता जा रहा है। रेलवे ओवरब्रिज क्षतिग्रस्त होने के बाद यह डायवर्सन बनाया गया था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार प्रशासन से शिकायत और आईजीआरएस के माध्यम से भी अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।